नई सोच, नया आयाम
RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 202 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, बुधवार 1 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



मेरे लिए पद नहीं संगठन महत्वपूर्ण-आकाश दुआ पेज -3 पर



छ.ग. की दोनों राज्यसभा सीटों पर बाहरी प्रत्याशियों को थोपकर ... पेज -8 पर

## एक नजर

### हाईकोर्ट का आदेश

### छात्रा को मिली एमबीबीएस की सीट, अब 150 के बजाय 151 प्रवेश, ऐसा दूसरी बार



**रायपुर।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक छात्रा को रायपुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट पर एडमिशन मिल गया है। इससे कॉलेज में 150 सीटों पर 151 स्टूडेंट का एडमिशन हो गया है। इसके कारण अगले सत्र में इस कॉलेज में 150 के स्थान पर केवल 149 स्टूडेंट का एडमिशन किया जाएगा। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने चिकित्सा शिक्षा संचालक (डीएमई) के पत्र के बाद एडमिशन की अनुमति दे दी। मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने 13 अप्रैल को एक छात्रा को निजी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की एक सीट बढ़ाकर एडमिशन देने का आदेश दिया था। इसके बाद डीएमई ने एनएमसी को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा था। एनएमसी की अनुमति के बाद छात्रा ने एमबीबीएस में एडमिशन लेकर पढ़ाई शुरू कर दी है। 10 साल पहले नेहरू मेडिकल कॉलेज में भी गलती से 150 के बजाय 151 छात्रों का एडमिशन हो गया था। तब मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया ने एक छात्रा का प्रवेश रद्द करने को कहा था।

# मुख्यमंत्री ने ग्राम बासीन पहुंचकर भूपत साहू को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बालोद जिले के गुरुर विकासखण्ड के ग्राम बासीन पहुँचकर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के बड़े भाई श्री भूपत साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व सांसद श्री पी.एल.पुनिया, कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, संजारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, बेमेतरा विधायक श्री आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक श्री डोमेन्द्र भेंडिया, श्री भैय्याराम सिन्हा, श्री वीरेंद्र साहू, श्री प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# बालोद के एसपी हटाए गए , अब जितेंद्र यादव संभालेंगे कमान

### गोवर्धन राम पीएचक्यू बुलाए गए, सीएम के लौटते ही आदेश जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने 6 आईएएस के तबादले के बाद बालोद जिले के पुलिस अधीक्षक गोवर्धन राम ठाकुर को हटाकर उनकी जगह जितेंद्र कुमार यादव को बालोद का नया एसपी नियुक्त किया है।







जितेंद्र अभी भानुप्रतापपुर में एएसपी (नक्सल ऑपरेशन) के पद पर पदस्थ थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को दोपहर बालोद जिले के प्रवास पर गए थे। उनके जिले से निकलते ही गृह विभाग से एसपी का ट्रांसफर आदेश जारी हो गया। गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के मुताबिक बालोद एसपी गोवर्धन राम ठाकुर को पुलिस मुख्यालय रायपुर में नियुक्ति दी गई है।

बता दें कि 25 मई को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना नामक संगठन द्वारा बालोद जिला बंद का आह्वान किया गया था। इस दौरान जिले में भारी हंगामा हुआ था। गुण्डरदेही में क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के बीच जमकर लाठियां चली थी। एक दर्जन व्यापारी घायल हो गए थे, जिसके बाद व्यापारियों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने क्रांति सेना संगठन के 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। दरअसल, 2 मई को बालोद जिले में पाटेश्वर धाम में बलि चढ़ाने के बाद दो पक्षों में भारी विवाद हो गया था। इसके बाद जमकर बवाला हुआ था। पुलिस बल तैनात करना पड़ा था।

### बालोद जिले में हुए बवाल के बाद हटाए गए एसपी

*बालोद में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल ने जैन संतों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी भी कर दी, जिसके बाद पूरे प्रदेश में जैन समाज का आक्रोश भड़ गया। सकल जैन समाज ने राजधानी में शांतिमार्च निकालकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा था। बालोद में अमित बघेल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद सोमवार को उसे सरगुजा से गिरफ्तार किया गया है। बालोद एसपी के तबादले को इन्हीं सभी घटनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। भारतीय पुलिस सेवा 2011 बैच के अफसर गोवर्धन राम ठाकुर को मार्च-2022 में बालोद जिले का एसपी बनाया गया था।*

# रायपुर में कांग्रेस नेता गिरफ्तार

### खुद को निगम कर्मचारी बताकर लोगों से वसूल लिए लाखों रुपए, कहता था- पीएम अवास दिला दूंगा

रायपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलवाने के नाम पर वसूली करने के आरोप में रायपुर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। तेलीबांधा इलाके में इन बदमाशों ने 8 लोगों से करीब 5 लाख 60 हजार रुपए ठग लिए।



न मकान ही दिलवा पाए और न रुपए लौटाए। परेशान लोगों ने इसके खिलाफ शिकायत की। अब दोनों पुलिस कस्टडी में हैं। तेलीबांधा की पुलिस ने इस मामले में राहुल चंद्राकर नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। राहुल यूथ कांग्रेस का नेता है । ये आम लोगों को नगर निगम का कर्मचारी बताकर PM आवास के मकान दिलाने का सपना दिखाया करता था। इस पूरे कांड में तेलीबांधा के ही रहने वाले विजय कुमार वोरा नाम के युवक ने इस का साथ दिया, पुलिस ने विजय को भी गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद इरफान नाम के शख्स ने तेलीबांधा थाने में पहुंचकर 20 मई को शिकायत दर्ज करवाई थी। इरफान ने अपनी शिकायत में पुलिस से कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिलने की बात आरोपी विजय ने बताई। भरोसा करके मैंने अपने परिचित आशीष चंद्राकर, वाहिद अली, रवि के लिए कुल 8 मकान दिलाने की बात कही। विजय ने हमें नगर निगम मुख्यालय बुलाया, वहां हमारी मुलाकात राहुल चंद्राकर से करवाई राहुल ने खुद को नगर निगम का अधिकारी बताया। हम सभी से 8 मकान के बदले रुपए इन्हें दे दिए। इरफान ने बताया कि कई महीने बीत गए हमें मकान ही नहीं मिला, बाद में जब हमने जानकारी जुटाई तो पता चला कि जिस राहुल चंद्राकर को हमने रुपए दिए वह तो नगर निगम में काम ही नहीं करता। जब रकम वापस मांगी गई तो राहुल टालमटोल करने लगा तब मामला थाने पहुंचा। कुछ दिनों से राहुल फरार था, आखिरकार अब वो पकड़ा गया है।

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष गिरफ्तार

**बालोद।** छत्तीसगढ़ की बालोद पुलिस ने आखिरकार छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। अमित ने एक कार्यक्रम में जैन मुनियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके बाद जमकर बवाल हुआ था। वहीं प्रदेश भर में अमित की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जैन समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया था। शिकायत दर्ज करने के बाद बालोद पुलिस ने अमित की तलाश कर रही थी।



### रायपुर विकास योजना 2031

# जनसुविधाओं की बेहतर व्यवस्था पर जोर

**रायपुर।** आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आज राजधानी के न्यू सर्किट हाऊस के कन्वेशन हॉल में आयोजित कार्यशाला में रायपुर विकास योजना 2031 के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। गौरतलब है कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा रायपुर विकास योजना (पुर्नविलोकित) 2031 का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।





कार्यशाला में चर्चा करते हुए रायपुर विकास योजना पुनर्विलोकन (प्रारूप) 2031 तैयार करने के लिए जनसुविधाओं की बेहतर से बेहतर व्यवस्था हेतु विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों से महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़, विधायक श्री धनेन्द्र साहू, महापौर नगर पालिक निगम बिरगांव श्री नंदलाल देवांगन, संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्री जे.पी. मौर्य और विभिन्न संगठनों से प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### खाद की किल्लत पर राजनीति तेज

# कांग्रेस बोली-रासायनिक खाद की आपूर्ति बाधित कर रही है केंद्र सरकार, रेलवे का रैक ही नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ के सीजन में खाद की किल्लत दिखने लगा है। अब इस पर राजनीतिक भी तेज होती दिख रही है। राज्य में सत्ताधारी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार खाद की नियमित आपूर्ति बाधित कर रही है। यहां खाद लाने के लिए रेलवे का रैक नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा, पिछले सीजन में केंद्र सरकार ने राज्य की ओर से मांगे गए 7 लाख 50 हजार मीट्रिक टन रासायनिक खाद में 45त्न की कटौती कर दी थी। इस साल खरीफ सीजन में भी नियमित सप्लाई बाधित की जा रही है। रेलवे का रैक नहीं दिया जा रहा है। आर.पी. सिंह ने कहा, संघीय व्यवस्था के तहत रसायनिक खाद का उत्पादन और वितरण केंद्र सरकार का दायित्व है। यूरिया के अतिरिक्त अन्य सभी उर्वरक अधिकांशत: आयातित सामग्री पर आधारित हैं। ऐसे में इनकी व्यवस्था भारत सरकार के माध्यम से ही की जा सकती है। साफ है कि राज्य में पर्याप्त रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने का दायित्व केन्द्र सरकार का है। आर.पी. सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपाई एक तरफ रासायनिक खाद की आपूर्ति बाधित कर रहे हैं और दूसरी ओर भ्रम पैदा करके वर्मी कंपोस्ट और जैविक खेती के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार खाद्य सब्सिडी और मनरेगा जैसे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बजट में प्रत्येक वर्ष लगभग 25 से 35 प्रतिशत की कटौती कर रही है।



# मंत्री डहेरिया ने नागरिकों से की भेंट मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज यहां रायपुर स्थित उनके शासकीय आवास पर साप्ताहिक कार्यक्रम भेंट मुलाकात जनदर्शन में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों से भेंट की। लोगों ने डॉ. डहरिया को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों से अवगत कराया। भेंट मुलाकात के दौरान लोगों ने अपनी विविध समस्याओं के निराकरण के लिए उन्हें आवेदन प्रस्तुत किए। डॉ. डहरिया ने लोगों को उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया से लोग प्रत्येक मंगलवार को भेंट मुलाकात जनदर्शन कार्यक्रम में स्वस्फूर्त मिलते है एवं उपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन भी प्रस्तुत करते है।



# 6 आईएएस अफसरों के तबादले, अंकित आनंद को सीएम सचिवालय का अतिरिक्त प्रभार, प्रभात मलिक बने गरियाबंद कलेक्टर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को IAS की तबादला सूची जारी की है, जिसमें 6 अफसरों के नाम है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आईएएस अंकित आनंद को ऊर्जा विभाग के सचिव व छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष के साथ ही मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंगलवार की शाम मंत्रालय से जारी आदेश के मुताबिक गरियाबंद जिले की कलेक्टर नम्रता गांधी को मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। उन्हें संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं रायपुर नगर निगम के आयुक्त प्रभात मलिक को गरियाबंद जिले का नया कलेक्टर बनाया गया है। रायगढ़ के जिला पंचायत सीईओ रवि मित्तल को रायपुर का नया जिला पंचायत सीईओ बनाया गया है। जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी को नगर निगम रायपुर का नया कमिश्नर बनाया गया है।





छायाचित्र ... बालोद जिले के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रदर्शनी देखने के बाद कहा

# छायाचित्र प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक और जानकारियों से है भरपूर

रायपुर। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान के साथ-साथ खरीफ की सभी फसलों, उद्यानिकी फसलों और वृक्षारोपण के लिए भी इनपुट सब्सिडी राज्य शासन द्वारा दी जा रही है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में भूमिहीन मजदूरों को दी जा रही सालाना 6 हजार रूपए की राशि अब बढ़ाकर 7 हजार रूपए सालाना कर दी गई है। सरकार द्वारा आदिवासी कृषकों को खेती के लिए निःशुल्क बिजली दी जा रही है। ऐसी ही ज्ञानवर्धक और उपयोगी जानकारियां रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में लगाई गई विकासपरक राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी से मिल रही है। यह कहना है बालोद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का। बालोद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आज विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद इस आशय के विचार प्रकट किए।

जिला पंचायत बालोद और जनपद पंचायत गुरुर, गुण्डरदेही, बालोद तथा डोंडीलोहारा अंतर्गत विभिन्न ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत केवल धान ही नही अपितु मक्का, कोदो, कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रूपए अनुदान के रूप में दिया जा रहा है।

यदि किसान धान के बदले अन्य फसल लेते हैं तो उन्हें 10 हजार रूपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी मिलेगी। इससे किसान धान के अलावा अन्य फसल उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे। सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को सिंचाई हेतु निःशुल्क बिजली के साथ सिंचाई जल कर और सहकारी तथा व्यावसायिक बैंकों से कृषि के लिए कर्ज को माफ़ किया गया है।

# पति-पत्नी ने एक साथ लगाई फांसी

### रायपुर के मकान में लटके मिले दोनों के शव; एक माह पहले किराए से रहने आए थे

**रायपुर।** रायपुर के एक मकान में पति-पत्नी का शव मिला है। फिलहाल सामने आ रही जानकारी के मुताबिक दोनों ने खुदकुशी की है। कमरे के भीतर का मुआयना करने पर पुलिस ने पाया कि एक ही रस्सी से पति और पत्नी दोनों फांसी का फंदा बनाकर झूल गए थे। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।



### जोगेश बघेल और मीरा नायक

जोगेश बघेल और मीरा नायक सिविल लाइन थाने की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। घटना तरुण नगर इलाके की है। यहां एक मकान में किराए से रहने वाले दंपती ने जान दे दी। पड़ोसियों को जब तेज दुर्गंध आई तब उन्होंने दंपती के कमरे का दरवाजा खटखटाया। खिड़की से झांक कर देखने पर दोनों के शव लटके नजर आए। बदबू लाश से ही आ रही थी। अब तक यह पता नहीं चल सका है कि आखिर दोनों ने किस वजह से खुदकुशी की। युवक की पहचान जोगेश बघेल और महिला की पहचान मीरा नायक के रूप में हुई है। 1 महीने पहले यह दोनों तरुण नगर इलाके में आकर किराए के मकान पर रह रहे थे। जोगेश पंडरी एक दुकान में सेल्समैन का काम करता था। पुलिस इनके परिजनों से संपर्क कर वारदात से जुड़ी गुत्थी सुलझाने का प्रयास कर रही है।

# क्रिकेट की दीवानगी: जब परदेस में बन गई भारतीय युवाओं की टीम

*भारतीय युवाओं के बीच क्रिकेट की दिवानगी किसी से छिपी हुई नहीं है। गली मोहल्ले से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के क्रिकेट का क्रेज है। लेकिन क्रिकेट क्रेजी किसी भारतीय युवा को जब ऐसे देश पढ़ने के लिए आना पड़े जहां इस खेल के बारे में शायद ही कोई जानता हो तो क्या हो। यह कहानी है यश जायसवाल कि जो कि पांच साल पहले भारत से लातविया उच्च शिक्षा के लिए आए थे। पढ़ने के साथ यश क्रिकेट खेल में भी गहरी रुचि रखते हैं लेकिन जब वो लातविया आए तो क्रिकेट लगभग उनसे छूट गया था।*

एक दिन कॉलेज के पार्किंग जोन में कुछ एशियाई दोस्तों के साथ क्रिकेट की शुरुआत करने के बाद उन्होंने फिर पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।

यश के प्रयासों की बदौलत लातविया में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की रुचि एक बार फिर से क्रिकेट में बढ़ने लगी है। तूरीबा टेक्निकल यूनिवर्सिटी, रिगा (लातविया) के छात्र यश जायसवाल से जब मैंने बात की तो उन्होंने बताया कि आज भी क्रिकेट खेलने के लिए यहां पर्याप्त समान मुश्किल से ही मिल पाता है।

हाल फिलहाल तक हम प्रैक्टिस के लिए टेनिस बॉल से खेला करते थे। क्रिकेट बल्ला, बॉल या पूरा किट हमें यूके या भारत से मंगाना पड़ता है। लातविया में अभी भी क्रिकेट बॉल दुकानों में उपलब्ध नहीं है। लेकिन क्रिकेट की लोकप्रियता जरूर बढ़ रही है।

पहले पहल जब मुझे मन नहीं लगता था तो कुछ भारतीय और श्रीलंकाई छात्रों के साथ हमने पार्किंग में खेलना शुरू किया। बाद में हम टूर्नामेंट खेलने लगे। देखते ही देखते यूनिवर्सिटी के दूसरे छात्र भी इसमें रूचि लेने लगे और इस तरह टीम बनी।

यश बताते हैं कि यहां लातेवियन क्रिकेट फेडरेशन पहले से ही पंजीकृत है। लेकिन खिलाड़ियों की कमी कहिए या इस ओर लोगों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसकी वजह से यह रफ्तार नहीं पकड़ पाई।

यश बताते हैं कि यहां लातेवियन क्रिकेट फेडरेशन पहले से ही पंजीकृत है। लेकिन खिलाड़ियों की कमी कहिए या इस ओर लोगों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसकी वजह से यह रफ्तार नहीं पकड़ पाई। लेकिन अब यहां उन्हें यूनिवर्सिटी ( तूरिबा यूनिवर्सिटी) में खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। इससे फेडरेशन और टीम के अन्य खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। दिलचस्प यह है कि यहां कि टीम में शायद ही कोई खिलाड़ी लातविया का है। टीम में 70 फीसदी भारतीय, 20 फीसदी श्रीलंकाई, 10 फीसदी पाकिस्तानी शामिल हैं। वे कहते हैं कि यूरोप में फुटबॉल की लोकप्रियता सर्वाधिक है। बाल्टिक देशों में क्रिकेट खेल के बारे में लोग जानते हैं लेकिन तमाम खेलों के बीच क्रिकेट की प्राथमिकता नहीं है। हालांकि स्थानीय लोग प्रैक्टिस मैच देखने और टीम में शामिल होने की इच्छा भी अब जता रहे हैं। जो कि एक सकारात्मक संकेत है।



**यह कहानी है यश जायसवाल कि जो कि पांच साल पहले भारत से लातविया उच्च शिक्षा के लिए आए थे। पढ़ने के साथ यश क्रिकेट खेल में भी गहरी रुचि रखते हैं लेकिन जब वो लातविया आए तो क्रिकेट लगभग उनसे छूट गया था। एक दिन कॉलेज के पार्किंग जोन में कुछ एशियाई दोस्तों के साथ क्रिकेट की शुरुआत करने के बाद उन्होंने फिर पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।**

वे बताते हैं कि यहां की टीम ने इस्टोनिया और स्वीडन की टीम के साथ भी टूर्नामेंट खेलना शुरू कर दिया है। इन देशों में क्रिकेट का प्रचार-प्रसार ज्यादा तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनके पास क्रिकेट ग्राउंड की व्यवस्था भी है जो कि काफी मशक्कत के बाद उन्हें मिल पाई है। अब हमने खेल में अच्छा प्रदर्शन कर इंटरनेशनल क्रिकेट टीम(आईसीसी) से मान्यता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। अगर ऐसा होता है तो बेहतर सुविधाएं बहाल होने के साथ-साथ खेल के खर्च का बोझ भी कम हो सकेगा।

हमें दूसरे देशों के साथ बाहर जाकर खेलने का मौका मिल सकेगा। वहीं लातविया राष्ट्रीय टीम बनने के बाद एक दिन वर्ल्ड कप खेलने अवसर भी यहां के खिलाड़ियों को मिल सकता है। फिलहाल लातविया में रिगा टेक्निकल यूनिवर्सिटी, तूरिबा यूनिवर्सिटी और ईस्मा यूनिवर्सिटी की टीम मिलकर क्रिकेट को बढ़ावा देने में जुटी हुई है।

लातविया में क़रीब 2500 भारतीय रहते हैं। इनमें करीब 400 भारतीय छात्र शामिल हैं जो यहां उच्च शिक्षा ले रहे हैं। अनुमानित तौर पर यहां बिज़नेस मैनेजमेंट के छात्रों की संख्या सबसे ज़्यादा है।

प्रियंवदा सहाय

## संपादकीय

### श्रीलंका अब किधर जाएगा

आर्थिक मुसीबतों के मारे लोगों ने सरकार के खिलाफ जोरदार लामबंदी की। नतीजतन राजपक्षे परिवार की कुर्सी हिली। फिर भी यह मानने को कोई तैयार नहीं है कि इस परिवार के प्रभाव का अंत हो गया है। श्रीलंका के आर्थिक संकट का हल आसान नहीं है। फिलहाल, देश अस्थिरता और अनिश्चय के बीच गोते खा रहा है। आर्थिक मुसीबतों के मारे लोगों ने सरकार के खिलाफ जोरदार लामबंदी की। उसके परिणामस्वरूप सत्ताधारी राजपक्षे परिवार की कुर्सी हिली है। हालांकि राष्ट्रपति गोटबया राजपक्षे अभी अपने पद पर कायम हैं, लेकिन उनके कई परिजनों को सत्ता से अलग होना पड़ा है। फिलहाल, राजपक्षे परिवार घिरा हुआ नजर आता है। लेकिन क्या यह कहा जा सकता है कि राजपक्षे परिवार का सूर्यास्त हो गया है। ये सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि श्रीलंका को इस हाल में पहुंचाने की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी इसी परिवार है। इस परिवार का जलवा इतना ज्यादा रहा है कि अब भी बहुत से लोग मानते हैं कि उसकी वापसी हो सकती है। इसके लिए राजपक्षे परिवार ने चालाकी दिखाई है। उसने विपक्ष के नेता रानिल विक्रमसिंघे को ढाल बनाया है। कहा जा रहा है कि फिलहाल रानिल राजपक्षे ब्रांड को नया रूप देने में मददगार बने हैं। राजपक्षे परिवार के कई सदस्य फिलहाल पृष्ठभूमि में चले गए हैं। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री महिंद राजपक्षे भी हैं। साथ ही बासिल राजपक्षे भी अभी सीन से गायब हैं, जो मौजूदा संकट शुरू होने के पहले देश के वित्त मंत्री थे। बासिल राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे और प्रधानमंत्री महिंद राजपक्षे के भाई हैं।

## छल्ले-मुंदरी से गोली-बंदूक तक, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के पीछे की वजहें

रविवार को जाने-माने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी गई। कथित तौर पर हत्यारे लारेंस बिश्नोई व गोल्डी बराड़ गुट के बताए जाते हैं। शनिवार को ही पंजाब पुलिस ने शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला समेत 424 लोगों की सुरक्षा वापस ले ली थी और अगले ही दिन उसकी हत्या हो गई। इससे समझा जा सकता है कि अपराधियों के हौसले कितने बढ़ गए हैं। आज बहुत से पंजाबी गायक और कलाकार गैंगस्टरों के निशाने पर हैं।

हाल के महीनों में इन गैंगस्टरों द्वारा फिरौती वसूलने के मामले में कथित तौर पर काफी वृद्धि हुई है। हीर-रांझा, मिर्जा, जुगनी, छल्ला व मुंदरी, लौंग व कैंठा पंजाब की गायकी की जान रहे हैं, लेकिन वक्त की करवट के साथ गायकी में बंदूक, कब्जा, वैली, गंडासा व जट्ट हावी हो गया। गायकी में गन कल्चर हावी हुआ और साथ ही गैंगस्टर भी। पहले पारंपरिक रचनाओं का उपयोग करके गाने गाए जाते थे, लेकिन अब गैंगस्टर व हथियारों के प्रोमोशन के लिए।

पंजाबी लोकगीतों का एक बड़ा हिस्सा जन्म से लेकर मृत्यु तक की घटनाओं का चित्र प्रस्तुत करता रहा है, लेकिन इसके बीच बंदूक की गोली कब घुस आई, पता ही नहीं चला। गायकी में जैसे-जैसे ग्लैमर आया, वैसे ही पैसा व शोहरत भी। पैसा व शोहरत आई, तो गैंगस्टर का भी दबदबा गायकी में दिखने लगा



*गैंगस्टरों ने पंजाबी संगीत उद्योग में अपना जो खौफ पैदा किया है, उसके पीछे राजनीतिक ताकतों का भी हाथ रहा है। नेताओं की दखलंदाजी के कारण पुलिस की ढीली कार्रवाई गैंगस्टरों का हौसला बढ़ाती रही है। 2019 में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तत्कालीन डीजीपी दिनकर गुप्ता को नेताओं व गैंगस्टर गठजोड़ की जांच के आदेश दिए थे, जो आज तक पूरे नहीं हुए हैं।*

और इसके पीछे रही पंजाब की राजनीति। पंजाब की लहराती फसलें, गांवों में लगने वाले मेले का लोग उत्सुकता से इंतजार करते थे, क्योंकि पंजाबी गायक वहां पर भांगड़ा व गिद्दा और किक्कली का समां बांध देते थे।

आसा सिंह मस्ताना, सरदूल सिकंदर, सुरजीत बिंदरखिया, गुरदास मान, मनमोहन वारस, कमल हीर आदि गायकों ने पंजाब की संस्कृति को हमेशा बुलंदियों पर रखा। पंजाबी गायकी का बोलबाला कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन व अन्य यूरोपीय देशों में भी पहुंचा, और बड़े-बड़े कलाकार शो करने के लिए वहां जाने लगे। डॉलरों की चमक-दमक में खोए गीतकार पंजाब की सभ्यता-संस्कृति को भूलकर हथियारों की संस्कृति की तरफ बढ़ गए।

ऐसे ही दौर में बब्बू मान से लेकर सिद्धू मूसेवाला की गायकी में एंट्री हुई। विदेशों में शो व एलबम रिलीज से करोड़ों रुपये आने लगे, तो इस पर गैंगस्टरों की नजर लग गई। गायकों से फिरौती वसूलने का सिलसिला शुरू हो गया। सबसे पहला शिकार बना पंजाब का उभरता गायक परमीश वर्मा। गैंगस्टरों ने उससे फिरौती मांगी और न चुकाने पर 14 अप्रैल, 2018 को उस पर हमला कर दिया। संयोग से गोली उसके पैर में लगी। बाद में इस हमले की जिम्मेदारी दिलप्रीत ढाहा बाबा ने ली और धमकी दी कि अगली बार नहीं बचोगे। दिलप्रीत बाबा गैंगस्टर ने ही पंजाबी गायक गिप्पी ग्रेवाल से भी रंगदारी मांगी थी। गैंगस्टरों के निशाने पर मनकीरत औलख भी हैं। गायक बलकार सिद्धू से भी दस लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। गायक रॉय जुझार को भी अश्लील पंजाबी गीतों को लेकर जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। मोहाली के डेराबस्सी में पंजाबी गायक नवजोत की हत्या कर दी गई थी, जिसकी गुत्थी अभी तक नहीं सुलझी है। गैंगस्टरों ने पंजाबी संगीत उद्योग में अपना जो खौफ पैदा किया है, उसके पीछे राजनीतिक ताकतों का भी हाथ रहा है। नेताओं की दखलंदाजी के कारण पुलिस की ढीली कार्रवाई गैंगस्टरों का हौसला बढ़ाती रही है।

योगेश साहू

## मिला जुला

सफलता की कहानी

# धनवंतरी मेडिकल स्टोर से हर वर्ग के लोगों को मिल रहा लाभ

जिले में अब तक 9465 उपभोक्ताओं को 19 लाख 2 हजार 718 रुपए से अधिक की दी गई है दवाईयां

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आम नागरिकों को बाजार में मिलने वाली महंगी दवाईयों से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ किया है जहां सस्ती दर पर मिल रही गुणवत्ता पूर्ण दवाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाईयां निजी मेडिकल स्टोर एवं बाजार में मिलने वाली दवाओं की कीमत की तुलना में 50 प्रतिशत से भी कम मूल्य पर मिलती है। जिससे उपभोक्ताओं के दवाई में होने वाले खर्च में कमी आ रही है। जिले के 5 नगरीय निकायों में धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर खुलने से लोगों को सस्ते दाम पर दवाइयां उपलब्ध हो रही है। जिले में संचालित




**50 से 61 प्रतिशत् से अधिक की छूट पर विक्रय की जा रही हैं दवाईयां**

**जिले में 5 नगरीय निकायों में धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर संचालित**

मेडिकल स्टोर में योजना प्रारंभ से अब तक 9465 उपभोक्ताओं को 19 लाख 2 हजार 718 रुपए से अधिक की जेनेरिक दवाईयों का विक्रय किया गया है जिसकी वास्तविक मूल्य लगभग 47 लाख 93 हजार 430 रूपए से अधिक है। धन्वन्तरी मेडिकल स्टोर खुलने से लोगों को सस्ते दाम पर दवाइयां उपलब्ध हो रही है। संचालित




मेडिकल स्टोर में सर्दी, खासी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी आम बीमारियों के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की जेनेरिक दवाएं, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आइटम, वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार भी उपलब्ध है। मेडिकल स्टोर में दवाई खरीदने आए उपभोक्ताओं का कहना है कि बाजार में 300 रूपए कीमत की मिलने वाली दवा इस स्टोर में मात्र 126 रुपए में मिल जाती है। इसी तरह सर्दी बुखार सहित अन्य बीमारियों की भी दवाईयां अन्य मेडिकल स्टोर की तुलना में आधे से कम दाम पर मिल रही है। उपभोक्ताओं ने सस्ती दर पर दवाईयां उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष लाभ आम जन को दिलाने के लिए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को सहृदय धन्यवाद दिया है।

## अखिलेश के बयान पर CM योगी का तंज- आपमें और राहुल गांधी में ज्यादा फर्क नहीं...



**उत्तर प्रदेश** विधानसभा में बजट पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा है. सीएम योगी ने कहा कि आपमें (अखिलेश) और राहुल गांधी में ज्यादा फर्क नहीं है, बस एक फर्क है, राहुल देश के बाहर देश की बुराई करते हैं और आप प्रदेश के बाहर प्रदेश की बुराई करते हैं. गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने कल (सोमवार) को बजट पर बोलते हुए बेसिक शिक्षा पर सवाल उठाया था और अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा था, मैं एक बार एक स्कूल में गया और बच्चे से पूछा कि मुझे जानते हो? बच्चे ने कहा- हां, आप राहुल गांधी हैं.% अखिलेश यादव के इस बयान पर पूरा सदन ठहाके से गूंज उठा था. अखिलेश यादव के इसी बयान पर आज सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, बच्चे भोले-भाले होते हैं, लेकिन मन के सच्चे होते हैं, जो बोला होगा वह बहुत सोच समझकर ही बोला होगा, वैसे भी आपमें (अखिलेश) और राहुल गांधी में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है, बस एक फर्क है, राहुल देश के बाद देश की बुराई करते हैं और आप प्रदेश के बाहर प्रदेश की बुराई करते हैं.

### अखिलेश के भाषण में भैंस के दूध का ज्यादा असर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव के गोबर वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा, आज तो गोबर से अगरबत्ती भी बन रहा है, अगर आप पूजा करते होंगे तो अगरबत्ती जरूर जलाते होंगे... मुझे लगता है कि अगर नेता प्रतिपक्ष गायमाता की सेवा किए होते तो गौमाता की भाषा बोले होते, लेकिन भैंस के दूध का ज्यादा असर भाषण में दिखाई दे रहा था.

**एक नजर**

## हार्दिक पटेल 2 जून को बीजेपी में होंगे शामिल, हाल ही में छोड़ी थी कांग्रेस



**हार्दिक** पटेल 2 जून को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हो सकते हैं. बीजेपी से जुड़े सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है. हार्दिक पटेल कांग्रेस पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं. हार्दिक पटेल से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. पाटीदार नेता हार्दिक पटेल 2 जून को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होने वाले हैं. बीजेपी से जुड़े सूत्रों के बाद हार्दिक पटेल ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है. हार्दिक पटेल कांग्रेस पार्टी से पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं. अब गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 से पहले वह बीजेपी का दामन थामने जा रहे हैं. कांग्रेस छोड़ने के बाद उनके आम आदमी पार्टी में जाने के कयास भी लगाए जा रहे थे.

## चीन को एक साथ 10 देशों ने दिया बड़ा झटका

चीन की प्रशांत महासागर में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के प्रभाव को कम करने की मंशा है. इसी के तहत चीन को क्षेत्र के दस देशों से सुरक्षा समझौते की उम्मीद है, जिस पर अब पानी फिर चुका है. चीन को प्रशांत महासागर क्षेत्र के दस देशों से करारा झटका मिला है. दक्षिणी प्रशांत के इन द्वीपीय देशों ने चीन के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा समझौता करने से इनकार कर दिया है. इसे चीन की बहुत बड़ी कूटनीतिक हार के रूप में देखा जा रहा है. सुरक्षा समझौते पर चीन के विदेश मंत्री वांग यी और इन दस देशों के नेताओं के बीच फिजी में बातचीत हुई, जो किसी नतीजे पर नहीं पहुंची।

# हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं-कलेक्टर

राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, वन अधिकार पट्टा के आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करें

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय.सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मोर जमीन मोर मकान, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल, सी-मार्ट, वन अधिकार पट्टा वितरण तथा अन्य योजनाओं



की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को जिले के 112 हाट-बाजारों क्लीनिक के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं साथ ही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत् नगरीय क्षेत्र के वार्डो में लोगों का स्वास्थ्य जांच

**डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने के दिए निर्देश**

करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह योजना बहुत ही लाभकारी है इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी एसडीएम और आदिम जातिदिवस के अवसर पर विकास खण्डों में पौधा रोपण किया जाना है इसके लिए भी पौधे तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्यय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस मण्डावी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## दिल्ली में खौफनाक आंधी से हर तरफ नुकसान, जामा मस्जिद का गुंबद क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार की शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली. तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिल गई लेकिन इस दौरान हवा के तेज झोंकों ने काफी नुकसान भी पहुंचाया. तेज आंधी के कारण कई जगह पेड़ गिर गए जिससे आवागमन बाधित हो गया तो वहीं कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है. दिल्ली के प्रह्लादपुर अंडरपास में बारिश से जलजमाव इतना हो गया कि यहां डूबने से एक शख्स की मौत हो गई. तेज बारिश के बाद दक्षिणी दिल्ली के प्रह्लादपुर अंडरपास में जलजमाव हो गया. प्रह्लादपुर





अंडरपास में जमा पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना देर रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है. डूबे व्यक्ति को निकालने में रेस्क्यू टीम को घंटो मशक्कत करनी पड़ी. वहीं, तेज आंधी के कारण जामा मस्जिद इलाके में काफी नुकसान की खबर है. इलाके में कई पेड़ गिर गए तो वहीं जामा मस्जिद का गुंबद भी क्षतिग्रस्त हो गया है. जामा मस्जिद का गुंबद तीन भाग में टूट गया. टूटे गुंबद के कुछ हिस्से गिरने से उसकी चपेट में आकर दो से तीन लोग घायल भी हुए हैं. दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने कहा है कि तीन भाग में टूटे गुंबद के दो भाग गिर चुके हैं.

ऑनलाईन ठगी की राशि वापस दिलाने,मोबाईल बवर का किराया दिलाने

# सूपा टोकनी के लिए रियायती दर पर कच्चा बांस दिलाने की मांग रखी

## जनचौपाल के दौरान कलेक्टर हुए आम लोगों से रुबरु जनचौपाल में मिले 38 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक भेंट.मुलाकात जनचौपाल के दौरान जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों से रुबरु हुए। इस दौरान उन्होने आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और नियमानुसार उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनचौपाल में आये नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 38 आवेदन प्रस्तुत किये। जिलाधीश ने सभी आवेदकों की समस्या बारी.बारी से गंभीरतापूर्वक सुनी। भेंट मुलाकात के दौरान विकासखण्ड बेरला के ग्राम घटियाकला पोस्ट.गोंडगिरी से आये तिलक प्रसाद देवांगन ने ऑनलाईन ठगी होने पर 49 हजार 229 रुपये धोखाधड़ी की राशि वापस दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होने अपने आवेदन में बताया कि एक अज्ञात मोबाईल धारक द्वार एकाउण्ट में पैसा डालना है कहकर आधार एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी लिया जिससे मेरे बैंक एकाउण्ट की राशि ऑनलाईन कट गई। बसोड़धारी कण्डरा समाज बेमेतरा के एक प्रतिनिधि मण्डल ने कच्च बांस प्रदाय करने आवेदन दिया। बताया गया कि माह जनवरी 2022 से आज पर्यन्त कच्चा बांस प्रदाय नहीं किये जाने से रोजी.रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। कण्डरा समाज ने कच्चा बांस रियायत दर पर दिलाने का अनुरोध किया। ग्राम भीमपुरी तहसील नवागढ़ निवासी कुंती टण्डन ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत नया गैस चुल्हा प्रदान करने, ग्राम सिलघट पुलिस चौकी कण्डरका के प्रदीप कुमार टिकरिहा ने जमीन संबंधी मामले में गांव के एक व्यक्ति द्वारा फोन से धमकी परेशान करने की शिकायत की।

ग्राम रिसाअमली तहसील नवागढ़ निवासी सरिता दोहरे पति स्व. गजेन्द्र दोहरे की कोरोना से मौत होने के बाद उनके ससुराल पक्ष द्वारा घरेलु उपयोग के सामान टीवी, फ्रीज, सिलाई मशीन, गैस चूल्हा एवं कृषि उपकरणों पर कब्जा करने एवं उन्हे अपने घर में नहीं घुसने देने की शिकायत की। ग्राम पंचायत सैगोना तससील साजा सरपंच रामबती ने सैगोना के शासकीय तालाब में एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। इसका सीमांकन कराने संबंधी आवेदन सौंपा, ग्राम अंधियारखोर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश सोनी एवं ग्रामीणों एवं आस-पास के पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की मांग की। ग्राम सुरुंगदाहरा पोस्ट कोदवा के ग्रामीणों ने गांव में पदस्थ एक शिक्षक पारद लाल चंद्राकर पिता मन्नूलाल चंद्राकर के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा। जिसमें शिक्षक द्वारा मनमानी करना एवं अराजकता फैलाना और शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा करना का उल्लेख किया गया है। ग्राम तिलईकुड़ा पहन 31 तहसील बेमेतरा के राजकुमार, रज्जू वर्मा, चुम्मन निषाद, झारन सिंह एवं राजेन्द्र ने किसानों को अपनी नीजि भूमि में आने.जाने के लिए रास्ता दिलाये जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

## श्री सिद्ध बाबा अद्वैत आश्रम बेलगहना से मां नर्मदा आश्रम बरर में कुण्ड निर्माण एवं शिव जी का स्थापना किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



बेलगहना ग्राम बरर में नव निर्माण कुंड का स्थापना ब्रह्मलीन स्वामी श्री 1008 सदानंद महाराज के परम शिष्य महात्मा श्री-श्री 108 शिवानंद महाराजके द्वारा किया गया। सानिध्य एवं मार्गदर्शन में तथा श्री सेवा समिति के द्वारा तन,मन,धन दे कर भक्तिमय मीरा कुण्ड एवं सदानंदेश्वर भगवान शिवलिंग मूर्ति का निर्माण कर विधि विधान के अनुसार शनि जयंती सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर स्थापना किया गया यह स्थान चारों तरफ से पर्यावरण से घिरा हुआ जहा निरंतर जल प्रवाह हो रही है उक्त नव निर्मित कुंड में सरयु नदी,यमुना,गंगा,काबेरी एवं कृष्णानदि पांच पवित्र नदियों का जल स्वामी शिवानंद महाराज के कर कमलों के द्वारा कुंड में जल को मिश्रण किया गया बरर आश्रम में मां नर्मदा मईया का उदगम प्राचीन समय से है। इस स्थान पर बहुत घना जंगल हुआ करता था। यहा ऋषि मुनि तप किया करते थे,इसलिए यहां आज भी उनका प्रभाव दिखाई देता है। और उसी समय से मां नर्मदा मईया कल-कल छल-छल करती संगीत ध्वनि के साथ मां नर्मदा मईया कि जल प्रवाहित हो रहा है। गर्मी के मौसम में ठण्डा जल और ठंड के मौसम में गर्म जल प्रवाहित होता है। लोगों के आस्था का केंद्र है। बरर आश्रम ग्राम बरर कंचनपुर के बीच में है। जिसका प्रवाह अरपा नदी के पुल कंचनपुर के पास जा मिली है। सेवा समिति के देव दुर्लभ भक्तों ने धार्मिक आस्थाओं में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इनकी निस्वार्थ सेवा जो कि सराहनीय रहता है। पूज्य स्वामी के श्री हाथों से 114 सेवा समिति के सदस्यों को वस्त्र श्रीफ ल भेंट किया गया आश्रम में शास्त्रीय संगीत का आयोजन में दूर-दूर से कलाकार अपना प्रस्तुति देकर मंत्र मुग्ध किये साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे, बेलगहना, मुंगेली बिलासपुर कोटा, रतनपुर, जांजगीर चांपा कोरबा लोरमी, कुरवार, पेण्ड्रा करिआम बस्ती बगरा,पंडरा पथरा आदि अंचलों से श्रद्धालु गढ़ भक्त इस कार्यक्रम में सम्मलित हुये।

## बसना पुलिस ने पकड़ा 2 लाख का गांजा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

30 मई को जिले के बसना नगर में वीरनारायण सिंह चौक के पासए बस के इंतजार में खड़े बिलासपुर जिले के कोटा थाना अंतर्गत छोटे करगी खुर्द निवासी कामता प्रसाद पिता मनोहर 32 वर्ष को 10 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया और 20 नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से एक नग मोबाई भी बरामद किया गया है। जब्त गांजे की कीमत 2 लाख रूपए बताई गई है।

## जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 12 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें पानी में डूबने से बगीचा तहसील के ग्राम गरईबंध निवासी साधू साय वल्द शोभरन साय की मृत्यु 02 मार्च 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पुत्र दिलीप कुमार हेतु 4 लाखए बगीचा तहसील के ग्राम भितघरा निवासी बिफ्नाथ पिता मोहन राम की मृत्यु 18 मई 2021 को जाने पर मृतक के पिता मोहन राम हेतु 4 लाख एवं बगीचा तहसील के ठेपा राम पिता भोला राम की मृत्यु 30 जून 2021 को हो जाने पर मृतक की पत्नी एतवारी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## कर्मचारी फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नगरी ।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई नगरी ने फेडरेशन के प्रांतीय आह्वानपर दो सूत्रीय मांग- केंद्र के समान 34त्न महंगाई भत्ता तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने को लेकर चरणबद्ध हड़ताल के प्रथम चरण में 30 मई सोमवार को मुख्य सचिव के नाम श्री चंद्रकांत कौशिक अनुविभागीयअधिकारी राजस्व नगरी को ज्ञापन सौंपा है।इस मांग पत्र के माध्यम से शासन को एक माह में मांग पूरी नही करने पर 30 जून को राजधानी में जंगी प्रदर्शन ,महारैली फिऱ अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की नोटिस दी गई है।

## लाल बहादुर को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में मिली किस्त से मां के इलाज में मिली मदद

कठिन समय का सहारा बनी योजनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जिले के विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम देवाडाण्ड के लालबहादुर के लिए कठिन समय का सहारा बनी है। लालबहादुर बताते हैं कि मेरी माता का स्वास्थ्य ठीक नहीं थाए आर्थिक तंगी के चलते इलाज करवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खेती बाड़ी भी नही है जिसके सहारे मदद मिलती, ऐसे समय मे शासन की यह योजना मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं थी। योजना के माध्यम से उन्हें तीन किस्त में कुल 6000 रुपये की राशि मिली जिससे माता के इलाज एवं दवाईयों का खर्च निकल गया और आज उनके स्वास्थ्य में सुधार आया है। इस योजना के लिए वे शासन का धन्यवाद करते हैं कि शासन ने उनकी तरह के भूमिहीन कृषि मजदूरों की भी फिक्र की है। इसी गांव के ही होरेलाल को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत राशि मिली है जिसका उपयोग उन्होंने अपने किराना दुकान के काम को बढ़ाने में लगाया है। होरेलाल ने बताया कि हम जैसे भूमिहीनों के लिए शासन की यह योजना हितकारी है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गढ़तर के रामप्रताप को भी योजना का लाभ मिला और उन्होंने राशि का उपयोग अपने परिवार की घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करने में किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा निरंतर कृषक वर्ग, श्रमिक, वनवासी परिवारों सभी के हित के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही अब प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्र और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में मौजूद देवगुड़ी, पुराने देवस्थलों और मंदिर के पुजारियों, मांझी, बैगा, गुनिया और हाट पाहार्य और बाजा मोहरिया को भी राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत पात्रता दी गयी है।

## एक नजर

### अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की सूची अनुमोदन के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालयों में होगा ग्राम सभा का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के चिन्हांकित ग्राम पंचायत मुख्यालय में 07 जून 2022 तक ग्राम सभा का आयोजन कर अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की सूची का अनुमोदन किए जाने हेतु जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी किया है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के द्वारा संबंधित सरपंच-सचिव को सूचना दिए जाने और इसकी सूचना प्रत्येक ग्राम पंचायत के संबंधित सचिव द्वारा पंचों को दिए जाये तथा पर्याप्त मुनादी कराकर ग्राम सभा के सदस्यों ग्रामीणों को सूचित किया जाने कहा है। इस हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रस्ताव के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा ग्राम प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। ग्राम सभा में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन, मिशन अमृत सरोवर योजनान्तर्गत चिन्हाकिंत ग्राम पंचायतों द्वारा अमृत सरोवर चयन कर ग्राम सभा में अनुमोदन एवं ग्राम पंचायत द्वारा स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अन्य विषय वस्तु को ग्राम सभा के एजेण्डे में सम्मिलित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, 2 जून को जांच और उपचार शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 2 जून प्रातः 10 बजे से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय महासमुंद में 0 से 18 वर्ष के विभिन्न श्रेणी के चिन्हांकित बच्चों का निःशुल्क जांच एवं उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में एनएचएमएमआई हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ईको कार्डियोग्राफी मशीन से जांच की जाएगी। जांच उपरांत बच्चों के हृदय रोग से ग्रसित पाए जाने पर उनका निःशुल्क ईलाज एनएचएमएमआई हॉस्पिटल रायपुर में किया जाएगा। अन्य रोग से ग्रसित बच्चों की जांच एवं उपचार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी। एनएचएमएमआई हॉस्पिटल रायपुर से शिशु एवं बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बख्शी अपनी सेवाएं देंगे। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जिसमें एमडी मेडिसिन, सर्जन, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक एवं फि जियोथेरेपिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में एनआरसी में भर्ती बच्चों की जांच एवं विगत 6 माह में एनआरसी में भर्ती रहे बच्चों की जांच एवं उपचार किया जाएंगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसआर बंजारे ने बताया कि बच्चों को विकासखण्ड स्तर से चिरायु दलों द्वारा वाहनों के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालय लाय जाएगा। बच्चों के भोजन एवं पीने की पानी की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी।

### जमीन पर सोए ग्रामीण पर ट्रक चढ़ाया, हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

समीपस्थ ग्राम बेमचा में बीती रात जमीन पर चटाई बिछाकर सोए ग्रामीण के उपर ट्रक चढ़ा देने से ग्रामीण की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मर्ग दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात 11.15 बजे छत् पुड्स बेमचा के सामने जमीन पर ग्राम बेमचा निवासी तकेश्वर पिता मनोज यादव 35 साल सोया हुआ था। इसी बीच अज्ञात ट्रक चालक ने ट्रक को तकेश्वर के उपर चढ़ा दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम शेर निवासी गोविंद निषाद की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।

### पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों से माइक्रो फ ाईनेंस योजनाओं के लिए ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

15 जून तक इच्छुक कर सकते है आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला जशपुर अंत्यावसायी सहकारी समिति जशपुर अंतर्गत वर्ष 2022-23 में पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को टर्म लोन व्यक्तिमूलक माइक्रो फाईनेंस योजनाओं में अधिकतम 2 लाख का ऋण दिया जाना है। जिससे इनके सामाजिक आर्थिक स्तर को सुदृढ़ किया जा सके। इच्छुक हितग्राही 15 जून 2022 तक अपना आवेदन जमा कर सकते है। जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आवेदक पिछड़ा वर्ग व जिले के उपयोजना क्षेत्र का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक की आयु सीमा 18वर्ष से 50 वर्ष, आवेदक की वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3 लाख से अधिक न हो। आवेदक पूर्व में किसी भी शासकीय अशासकीय संस्था एवं बैंक से ऋण नहीं लेने का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

## मेरे लिए पद नहीं संगठन महत्वपूर्ण-आकाश दुआ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



भाजपा संगठन से जुड़े एक व्हाट्सएप ग्रुप से यह जानकारी मिली की मुझे भारतीय जनता युवा मोर्चा मनेन्द्रगढ़ मंडल के अध्यक्ष पद से यह कहते हुए हटा दिया गया। कि मैं संगठन के कार्यों में निष्क्रिय हूं और मुझे जिले में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई। मैं बताना चाहता हूं कि मुझ पर जिस तरह से निष्क्रियता का आरोप लगाकर हटाया गया है वह पूरी तरह निराधार है। मैंने पार्टी के द्वारा बताए गए सभी कार्यों को पूरी सक्रियता के साथ किया है इसके अलावा समय-समय पर राजनीतिक गतिविधियों के संदर्भ में भी मेरे द्वारा कार्यक्रम किए गए हैं। लेकिन दुर्भावना बस वैचारिक मतभेद होने के कारण मुझे संगठन के कुछ वरिष्ठ लोग नहीं पचा पाए और उन्होंने मुझे भाजयुमो मंडल अध्यक्ष के पद से कार्यमुक्त कर दिया। मैं बताना चाहूंगा कि मैं और मेरा पूरा परिवार शुरू से ही जनसंघ के जमाने से पार्टी के लिए काम करता रहा है और करता रहेगा मेरे लिए पार्टी का कोई भी पद महत्वपूर्ण नहीं है मैं संगठन से जुड़ा कार्यकर्ता हूं और आजीवन संगठन से जुड़ा रहूंगा और मुझे जब भी जो दायित्व संगठन की ओर से मिलेगा मैं उसका पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करुंगा खेद का विषय है कि मुझे कार्य मुक्त करने से पूर्व एक बार भी इस संदर्भ में अवगत नहीं कराया गया मेरे साथ ही साथ पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया मेरे हिसाब से ये उचित नहीं है।

### अगर मैं निष्क्रिय था तो पूरी कार्यकारिणी भंग क्यों

यदि सिर्फ मुझ पर निष्क्रियता का आरोप था तो सिर्फ मुझे हटाया जाता पूरी 42 लोंगों की कार्यकारिणी भंग करने की क्या आवश्यकता थी मेरे साथ संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता सभी कार्यक्रमों से थे। जिन्हें पार्टी के इस निर्णय से काफी आघात पहुंचा है।

## आमजन से मिले हर आवेदन महत्वपूर्ण, सभी विभाग गंभीरता और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें-कलेक्टर

राशनकार्ड निर्माण की समीक्षा, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनचौपाल, शिविरों और भ्रमण और विभिन्न माध्यमों से आमजनों से मिले हर आवेदन महत्वपूर्ण हैं। सभी विभाग गंभीरता और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में जनचौपाल में मिले आवेदनों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

राज्य शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र वितरित किये जाने पर निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने शिक्षाए राजस्व एवं आदिवासी विकास विभाग को समन्वय कर 20 जून से स्कूलों में विशेष शिविर लगाकर जाति प्रमाण पत्र जारी करने कहा। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेज भी स्कूलों में ही उपलब्ध कराने की व्यवस्था रखें। राशनकार्ड निर्माण पर जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने बैठक में खाद्य अधिकारी और सभी सीईओ जनपद पंचायत लंबित प्रकरणों में अगले दो दिनों में निराकरण कर राशनकार्ड जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशनकार्ड संबंधित कार्यों में लापरवाही करने में कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की और विभागों को बेहतर प्रगति लाने के निर्देश दिए। गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सीईओ जनपद खड़गवां और भरतपुर को गोबर खरीदी बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, हाट बाजार क्लीनिक योजना, धन्वंतरि मेडिकल स्टोर, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, तेंदूपत्ता एवं लघु वनोपज संग्रहण, वनाधिकार पत्रक अनुमोदन पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेमेतरा पुलिस ने अवैध कारोबारियों के खिलाफ चला रहे अभियान

## 13 जुआ एक्ट के मामले में नगदी रकम 43,030 एवं 3 मोटर सायकल जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में समस्त थाना चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 मई 2022 को थाना बेरला पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि ग्राम खर्रा ठेठवारीन बांधा के पास आम जगह पर कुछ लोग रूपया पैसो का हार जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना बेरला स्टाफ द्वारा गवाहो के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां पुलिस को आते देखकर कुछ जुआड़ियान भाग निकले तथा आम जगह पर रूपये.पैसो का हार.जीत दांव लगाकर जुंआ खेलते जुआड़ियान रंगे हाथो पकड़ें गये। जिसमें 01 प्रकरण में 04 जुआड़ियानो, राधेश्याम कोशले पिता दौवाराम उम्र 65 साल साकिन बहेरा थाना बेरला, बलराम साहू पिता उभयराम साहू उम्र 39 साल साकिन खर्रा थाना बेरला, रवि साहू पिता लक्ष्मण साहू उम्र 29 साल साकिन बिरौदा थाना धमधा जिला दुर्ग, रफ ीक खान पिता बशीर खान उम्र 29 साल साकिन वार्ड नं. 07 धमधा जिला दुर्ग के पास एवं फ ण्ड से नगदी रकम 43,030,52 पत्ती तास एवं 03 मोटर सायकल डिलक्स क्रमांक सीजी 07 सीएफ 5577, बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 25 डी 1969, हीरो स्ले मन्डर प्लस सोल्ड कुल कीमती करीबन 1 मई रूपये, कुल जुमला 1,93,030 रूपये को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना बेरला उप निरीक्षक नासिर खान, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, रामेश्वर मांडले, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पांडेय, सुरेन्द्र जांगडे, रामकुमार भारती, महेश जांगडे, देवेन्द्र साहू, तुकाराम निषाद एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# ग्राम पंचायत पुडू हाई स्कूल में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं 29 छात्राओं को साइकिल वितरण किया


जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




कोटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुडू स्थित शासकीय हाई स्कूल में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वी के 29 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।जहां अतिथियों ने शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं के लिए निरंतर अग्रसर रहने शासन की महत्वपूर्ण योजना बताया।वहीं सत्र 2022 मे कक्षा 10 वी की परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत रहा। शासकीय हाई स्कूल पुडू में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर छात्र छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। तत्पश्चात कक्षा 10 वीं में 83.83 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान आने वाले 8 विद्यार्थी,16 द्वितीय,20 तृतीय स्थान पर उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दिया गया। इस दौरान अतिथियों ने बताया कि शिक्षा हर एक बच्चे का अधिकार है। शिक्षा से ही समाज की कुरीतियों को मिटाया जा सकता है। सरस्वती साइकिल योजना से छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में नींव मजबूत कर रही हैं।आज शिक्षा ग्रहण कर छात्राएं विभिन्न विभागों के उच्च पद पर आसीन होकर आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रही है। इसके बाद कक्षा 9वी की 29 छात्राओं को योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम मे संस्था प्राचार्य मनबिहार सिंह कंवर, कतलाल पैंकरा, संकुल समन्वयक बुधवार सिंह यादव, जनपद सदस्य धन सिंह पैंकरा सरपंच पावे राजेश्वर टोप्पो, ग्रामीण समीर खान,प्रताप सिंह पैंकरा आदि उपस्थित रहे।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सरकार के गौरवशाली 8 वर्ष पूर्ण होने रतनपुर मंडल ने किसानों के सम्मान किया


जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सरकार के गौरवशाली 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज गरीब कल्याण जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 11 वी क़िस्त देश के किसानों के खाते में 22 लाख करोड़ रुपए डालें। कोटा विधानसभा क्षेत्र के रतनपुर मंडल भाजपा कार्यलाय मां महामाया देवी रोड में किसानों अन्नदाताओं का सम्मान श्रीफ ल एवं तिलक लगा कर सम्मान किया गया केंद्र मे भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर शिमला में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम एवं पीएम किसान सम्मान निधि की11वीं किस्त जारी कर देश वासियों को संबोधन का सीधा प्रसारण आज भाजपा कार्यालय, रतनपुर में टीवी लगाकर भाजपा मण्डल रतनपुर के लाभार्थियों एवं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ देखा एवं सुना और प्रसारण से पूर्व जिला महामंत्री आदरणीय मोहित जयसवाल व जेष्ट श्रेष्ठ पदाधिकारीयो द्वारा विचार साझा किया गया। गरीब कल्याण सम्मेलन जिला महामंत्री मोहित जायसवाल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दुर्गा बबलू कश्यप,नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे,उपाध्यक्ष कन्हैया यादव, डॉ. सुनील जायसवाल, सुरेश सोनी,मंडल अध्यक्ष तिरिथ यादव,रविंद्र दुबे,सांसद प्रतिनिधि संतोष तिवारी, रोहणी बैसवाड़े, महामंत्री ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ता व अन्नदातागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे लखन पैंकरा, बसंत यादव, प्रभुनाथ,संतोष यादव,ज्वाला कौशिक,द्वरिका मंडलोई,ज्ञानेंद्र कश्यप सविता धीवर,राजकुमारी सावित्री रात्रे,मनीता हर्ष पटेल,रामा जायसवाल,शंकर राव मनहरण,पंचराम यादव, विश्राम दास,अमोलदास, देवी प्रसाद कोशले,प्रेमांशु तिवारी,रामकुमार कश्यप, प्रमोद कश्यप,सैकड़ों कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# सोहम अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री सिंह देव

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



स्वास्थ्य कैबिनेट मंत्री टीएस बाबा के द्वारा सोहम हॉस्पिटल विजिट किया गया इस मौके पर उन्होंने विभिन्न वार्ड आईसीयू ओटी सीटी स्कैन लैब का निरीक्षण किया टी एस सहदेव को यह भी जानकारी दी गई कि सोहम हॉस्पिटल सीटी स्कैन के लिए अभी मेडिकल कॉलेज के साथ टाईअप है इसके अलावा सोहम हॉस्पिटल आईसीयू के मामले में पूरे महासमुंद जिले में एवं नॉर्थ उड़ीसा के लिए प्रथम स्थान रखता है जहां पर क्रिटिकल से क्रिटिकल मरीजों को अच्छी सुविधा प्रदान की जा रही है इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष रश्मि चंद्राकर केशव चंद्राकर देवेंद्र बहादुर विधायक बसना जिला पंचायत सभापति अमर चंद्राकर अरुण चंद्राकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव चंद्राकर गौरव चंद्राकर कमलेश ध्रुव वरिष्ठ आदिवासी नेता उपस्थित थे पूर्व में भी टीएस सिंह देव जी हेल्थ मिनिस्टर के द्वारा सोहम हॉस्पिटल को कोर्णाक काल में किए गए कार्य के लिए एवं पेन मैनेजमेंट के लिए सम्मानित किया गया है।

झेरिया यादव समाज जिला बेमेतरा व बेरला

# तहसील स्तरीय एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का प्रथम सत्र ग्राम लावातरा में संपन्न हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



झेरिया यादव समाज जिला व तहसील स्तरीय एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन ग्राम लावतरा भरदा बेरला जिला बेमेतरा में 29 मई दिन रविवार को आयोजित किया गया था। प्रथम सत्र दीप प्रज्वलित के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधानसभा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव,विशिष्ट अतिथि बेमेतरा जिलाध्यक्ष चिंताराम यादव, पार्षद नगर निगम चरोदा भिलाई ललित यादव, नगर पंचायत बेरला सभापति प्रमोद गौसेवक, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग सदस्य आशा संतोष यादव, जामूल नगर पालिका पूर्व पार्षद व जामुल परिक्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी यादव उपस्थित रहे। इसके पश्चात हमारे समाज के बालकलाकार रोशन यादव कि टीम बिलासपुर जिला की सुपरहिट बाल नृत्य की प्रस्तुति व राउत नाचा कृष्ण झांकी के साथ कार्यक्रम समापन सत्र की ओर बढ़ता रहा।

### बेमेतरा जिला के पदाधिकारी

जिलाध्यक्ष चिंताराम यादव, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम यादव, जिलासचिव अनुज यादव, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, जिलाउपाध्यक्ष सेवाराम यादव, जिलामहामंत्री हेमकांत यादव, जिला मीडिया प्रभारी रोशन यादव, रांका राज अध्यक्ष सुंदर यादव, बेमेतरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, बेमेतरा नगर अध्यक्ष दामोदर यादव, नंदू यादव। युवा प्रकोष्ठ अनिल यादव, जनकराम यादव, धनेश यादव, लोकनाथ यादव, ओकेश्वर यादव,हेमंत यादव, दीपक यादव, धनंजय यादव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व प्रदेश, जिला, ब्लॉक, तहसील, परिक्षेत्र समाज प्रमुख कि उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## एक नजर

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ गरीब कल्याण सम्मेलन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



संयुक्त जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गरीब कल्याण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन हिमाचल प्रदेश के शिमला में किया गया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छता मिशन, आयुष्मान भारत इत्यादि योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 11 वीं किस्त के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपये का वर्चुअल हस्तांतरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, जनपद पंचायत छिंदगढ़ के अध्यक्ष देवली बाई नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा लाभार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएन कश्यप, उप संचालक कृषि बघेल आदि अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल कक्षा 10वीं एवं 11वीं में दाखिला हेतु ली जायेगी प्रवेश परीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्राचार्य ने अवगत कराया कि स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में कक्षा 10वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा लिया जाना है। तद्नुसार कक्षा 10वीं में प्रवेश लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 6 जून एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए 7 जून 2022 को प्रात: 9 बजे शाला परिसर में उपस्थिति देने कहा गया है। प्राचार्य ने बताया कि पूर्व में प्रवेश हेतु आवेदन जमा न करने वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। केवल अंग्रेजी माध्यम के अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

### फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित छोटे लोरम के किसान पहुंचे जनचौपाल में गुहार लगाने

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत छोटेलोरम के किसानों ने आज यहां कलेक्टर जनचौपाल में फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत करने पहुंचे। किसानों ने कहा कि गांव के आधे किसानों को योजना का लाभ मिला और शेष लाभ पाने के लिए भटक रहे हैं। किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत छोटेलोरम और टुकड़ा के काश्तकार किसानों ने शासन की फसल बीमा योजना के तहत साल 2021 में फसलों का बीमा कराया था। फसल न होने से उन्हें आर्थिक क्षति हुई है। बावजूद उन्हें फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। जबकि, गांव के आधे से ज्यादा किसानों को योजना के तहत लाभ मिल चुका है। किसानों का कहना है कि उन्होंने भी योजना का लाभ मिलने वाले किसानों की तरह ही फसल बीमा की रकम जमा कराई है। पर उन्हें लाभ नहीं मिलना समझ से परे है। शिकायतकर्ता किसानों में प्रमुख रूप से मालिकराम, नारायण, राधेश्याम, राजकुमार, कुशराम, साहेबलाल, सोहन, शकुंतला, बसंत, दुकालु, महेशराम, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पिरदा के ग्रामीणों ने जनचौपाल में की पट्टे की मांग

ग्रामर पंचायत पिरदा के ग्रामीणों ने वन अधिकार पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टर जनचौपाल में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वे बड़े झाड़ के जंगल कक्ष क्रमांक 822 में साल 2000.01 से कब्जा कर खेत बनाकर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे है। उनके पास उक्त भूमि के अलावा अन्य कोई भूमि नहीं है। गांव में काबिज अन्य व्यक्तियों को वन अधिकार पट्टा योजना के तहत पट्टा मिल चुका है। लेकिन उन्हें आज तक पट्टा नहीं मिल पाया है। साल 2018 में उनके न्यायालयीन कार्रवाई पर तत्कालीन तहसीलदार ने पट्टा मिलने का आश्वासन दिया था।

# प्रधानमंत्री ने किया जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद और पीएम किसान सम्मान निधि की 11वीं किस्त का हस्तांतरण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 10 करोड़ से ज्यादा किसानों को राशि 21 हजार करोड़ से अधिक की 11वीं किस्त का हस्तांतरण हेतु आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन का सीधा प्रसारण कार्यक्रम कृषि तकनीक अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान अटारी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद जबलपुर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बेमेतरा के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा के द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उदबोधन में कहा कि कृषि की नई-नई उन्नत तकनिक अपनाकर किसान भाई अपनी आमदनी में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। धरती की उर्वरा शक्ति बनाये रखने के लिए कम से कम रसायनिक खाद की उपयोग करने साथ ही फसल का उत्पाद बढ़ाने जैविक खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने की समझाईश किसानों को दी। इस कार्यक्रम में एमडी मानकर, उप संचालक कृषि, डॉकेपी वर्मा, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बेमेतरा अध्यक्ष तथा वायके डिंडोरे, सहायक संचालक मछली पालन, हितेन्द्र मेश्राम, सहायक संचालक उद्यानिकी उपस्थित थे। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभागए मछली पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग के सहयोग से पीएम किसान सम्मान निधि के 247 लाभार्थी, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के 66 लाभार्थी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 05 लाभार्थी के साथ बेमेतरा जिले के 650 से अधिक किसानों ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विभिन्न प्रकार के केन्द्रीय योजनाओं एवं उसके लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में कृषि विभाग के राकेश शर्मा, सहायक संचालक कृषि, डॉ. श्याम लाल साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वैज्ञानिक तोषण कुमार ठाकुर, डॉ. एकता ताम्रकार, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. हेमन्त साहू के साथ पलाष चौबे, पंचूराम यादव,स्पर्श पटेल का सहयोग रहा।

# राजस्व विभाग ने मौके पर विद्यार्थियों के लिए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली नम्रता जैन के निर्देशन तथा जनपद पंचायत बसना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सनत महादेव, तहसीलदार रामप्रसाद बघेल के मार्गदर्शन में 30 मई को ग्राम पंचायत भंवरपुर में जन चौपाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भंवरपुर, उमरिया, बरतिया भांठा एवं उड़ेला और उनके आश्रित ग्राम शामिल थे। शिविर में 41 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 18 आवेदनों का तत्काल शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। शेष से 23 आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को एसडीएम नम्रता जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में जनपद पंचायत बसना की अध्यक्ष रूकमणी सुभाष पटेल ने दो हितग्राहियों को ट्राई साइकिल वितरण किया। शिविर में राजस्व विभाग को 10, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग को 11, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन, पुलिस, सहकारिता को एक-एक चिकित्सा विभाग, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, को 02-02 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र शिविर स्थल पर बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर स्थल में मरीजों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाई की सुविधा उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बसना के अध्यक्ष रूकमणी सुभाष पटेल, जनपद सदस्य लक्ष्मी विनोद पटेल, सरायपाली विधायक प्रतिनिधि पारेश्वर सिंह राय, लीला कांत पटेल सहित आस-पास के सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारीगण आम नागरिकों के मांग एवं समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित थे।

## लोगों को जोड़ने वाली फिल्म से ज्यादा खूबसूरत कुछ नहीं:फातिमा सना शेख



बॉलीवुड एक्ट्रेस फातिमा सना शेख वेब सीरीज मॉडर्न लव: मुंबई की रात रानी के चलते काफी चर्चाओं में हैं। उन्हें अपने शानदार अभिनय के कारण दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है।

रात रानी में फातिमा लाली नाम की एक लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो खुले दिल की और तेजतर्रार लड़की हैं। वह अपने पार्टनर से मिले धोखे के कारण टूट जाती हैं, लेकिन समय के साथ वह बदलने लगती है और खुद से प्यार करने लगती हैं।

फातिमा सना शेख कहती हैं, मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि दर्शक मेरे किरदार से जुड़ रहे हैं। खास बात यह है कि लोग मेरे साथ अपनी कहानियां साझा कर रहे हैं। यह एक ऐसी फिल्म जो लोगों को जोड़ती है और लोगों को प्रेरित करती है। मैं लोगों से मिले प्यार से बेहद खुश हूं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, मॉडर्न लव: मुंबई के अलावा, फातिमा सना शेख विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म रिलीजिंग के लिए बिल्कुल तैयार है। वहीं रतना पाठक शाह, दीया मिर्जा और संजना सांघी की फिल्म धक धक के लिए फातिमा तैयारी कर रही हैं।

## वरुण धवन ने जल्द ओटीटी डेब्यू के दिए संकेत

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन, जो अपनी आगामी फिल्म जुग जुग जीयो के नए ट्रैक का अनावरण करने के लिए राजधानी में थे, उन्होंने डिजिटल डेब्यू करने पर एक रहस्यमय ढंग से जवाब दिया है। मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में ब्योरा दे सकता हूं। लेकिन कुछ काम चल रहा है.। सूचना और प्रौद्योगिकी की चिंताओं में दुनिया छोटी होती जा रही है। कुछ विधाएं हैं जो स्ट्रीमिंग पर अच्छा काम करती हैं और कुछ सिनेमाघरों में हैं लेकिन निश्चित रूप से दर्शक कंटेंट देखना चाहते हैं।वे निश्चित रूप से मनोरंजन करना चाहते हैं।

## पार्टी में हॉटनेस का तड़का लगाने आई थीं जाह्नवी कपूर, कैमरे के पास आते ही हुईं ऊप्स मोमेंट का शिकार



करण जौहर की पार्टी में कई हसीनाएं छोटे-छोटे कपड़े पहनकर आईं. कुछ के कपड़े इतने ज्यादा छोटे थे कि वो खुद ही उन्हें बार-बार नीचे खींचते दिखीं तो कई हसीनाएं इतने ज्यादा रिवीलिंग कपड़े पहनकर पार्टी में पहुंच गईं कि उनके कपड़े ही खिसक गए. इस पार्टी में बाकी हीरोइनों की तरह जाह्नवी कपूर भी रिवीलिंग कपड़े पहनकर आई थीं. लेकिन कैमरे में उनका ऊप्स मोमेंट कैद हो गया. इस खास मौके पर जाह्नवी कपूर पिंक कलर का थाई स्लिट गाउन पहनकर पहुंची थीं. एक्ट्रेस की ये ड्रेस ना केवल डीप नेक की वजह से रिवीलिंग थी बल्कि बैकलेस भी थी.

अपने इस लुक को पूरा करने के लिए जाह्नवी कपूर हाई हील्स पहने हुई थीं. इसके साथ ही एक्ट्रेस लाइट मेकअप के साथ ओपन हेयर की हुई थीं. जिसमें वो बला की खूबसूरत लग रही थीं.

**कैमरे के पास आते ही कैद हुआ ऊप्स मोमेंट**

करण जौहर की पार्टी में जाह्नवी कपूर जैसे ही पहुंचीं तो सभी की नजरें उन पर अटक गईं. कैमरे के सामने पोज देने के लिए जाह्नवी इस रिवीलिंग ड्रेस में जैसे ही कैमरे के पास से गुजरी तो साइड से ड्रेस का हल्का सा उठा होने की वजह से उनका ऊप्स मोमेंट कैमरे में कैद हो गया और एक्ट्रेस का वीडियो सुर्खियों में आ गया. खास बात है कि जाह्नवी कपूर ने करण जौहर की पार्टी के लुक की तस्वीरें खुद भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. इन तस्वीरों को एक्ट्रेस ने जैसे ही शेयर किया तो फैंस उनके लुक की जमकर तारीफ करने लगे।

## दिव्या खोसला कुमार के आगे करीना-कटरीना भी कुछ नहीं, नेट की रिवलिंग ड्रेस पहन उड़ाए लोगों के होश



करोड़ों की संपत्ति के मालिक और टी-सीरीज के चेयरमैन भूषण कुमार की पत्नी दिव्या खोसला कुमार भले ही बॉलीवुड की चुनिंदा फिल्मों में नजर आई हैं लेकिन अपने लुक्स और सोशल मीडिया पोस्ट से वो फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी दिव्या न केवल गजब की हॉट लगती हैं बल्कि इनका स्टाइल इतना ट्रेंडी है, जिसे देखकर यकीन करना मुश्किल हो जाता है कि इनका 11 साल का एक बेटा भी है। दिव्या खोसला कुमार अपना ख्याल कुछ ऐसे रखती हैं कि उनके आगे यंग एक्ट्रेसेस भी फीकी पड़ जाती है। ऐसा हम यूं ही नहीं कह रहे हैं बल्कि इसका उदाहरण उनकी हॉट तस्वीरें। जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होती रहती है। दरअसल, इस बार दिव्या ने अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें उन्होंने अपनी ऑरिजिनल इंडियन ब्यूटी को फ्लॉन्ट करते हुए सेक्सीनेस का तड़का लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। दरअसल, दिव्या खोसला कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह इतनी ज्यादा ग्लैमरस-सेंसुअस और हॉट लग रही हैं कि लोगों के लिए उनकी तस्वीरों से नजरे हटाना मुश्किल हो रहा है। इन तस्वीरों में उन्होंने पेस्टल पिंक कलर का रफल गाउन पहने हुए देखा जा सकता था। अपनी स्लिम-ट्रिम बॉडी को फ्लॉन्ट करने के लिए करोड़पति खानदान की बहू ने इस ऑउटफिट को लंदन बेस्ड लग्जरी फैशन हाउस से पिक किया था, जिसमें हॉटनेस का एलिमेंट शो करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। ऑउटफिट का पैटर्न फिगर हगिंग रखा गया था, जिस वजह उनके कर्व्स एकदम बढ़िया से हाइलाइट हो रहे थे।

इस अटायर के फ्रंट में स्लिट दी गई थी, जो नी-हाई पोर्शन तक रखी थी। ये डिटेल न केवल ओवरऑल लुक के स्टाइल कोशंट को बढ़ा रही थी बल्कि इसमें दिव्या को अपनी स्मूथ लेग्स फ्लॉन्ट करते भी देखा जा सकता था।

## जल्दी से जल्दी वजन कैसे कम करें? काम आएंगे ये टिप्स



बदलती लाइफस्टाइल और खराब खान-पान के चलते अधिकतर लोगों को वजन बढ़ने की शिकायत का सामना करना पड़ता है. इससे निपटने के लिए तमाम तरह के टिप्स अपना चुके लोगों को अपने रहन-सहन में बदलाव करना होगा, जिससे आपका वजन कंट्रोल में रह सके. तो आज हम आपके लिए ऐसे छोटे-छोटे टिप्स लेकर आए हैं, जिसे फॉलो करने के बाद आसानी सी जल्दी से जल्दी वजन कम होने लगेगा.

रोज सुबह पिएं एक गिलास पानी

माना जाता है कि अगर आप रोज सुबह खाली पेट 1-2 गिलास पानी पिएंगे तो इससे आपका पेट फिट रहेगा और पाचन शक्ति भी मजबूत होगी. इसको नियामित तौर पर करने से वजन भी कंट्रोल में रहेगा. कई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऐसा करने से मेटॉबॉल्जिम भी बढ़ता है, जिससे आपका वजन नहीं बढ़ता है.

खाने से आधे घंटे पहले पेट भर पानी पिएं

इसके अलावा आप खाने से आधा घंटा पहले पेट भर के पानी पी सकते हैं. इससे आपको फायदा मिलेगा. दरअसल, ऐसा करने से आपको अधिक भोजन खाने का मन नहीं करेगा और आप अपका वजन कंट्रोल में आ जाएगा. हालांकि, कमजोरी न आए, इसलिए आप अपनी डाइट में ड्राई फ्रूट्स को भी अपनी डाइट में जरूर शामिल करें.

इन चीजों को खाने से बचें

- इसके अलावा ज्यादा ऑयली चीजें जैसे- बर्गर, पिज्जा खाने से बचें. इससे न सिर्फ आपका वजन बढ़ता है बल्कि कई प्रकार की समस्याएं भी आपके घरेने लगती हैं।

## चूड़ी पहनने में होती है दिक्कत? तो अपनाएं ये तरीके



जैसे ही किसी महिला का वजन बढ़ता है वैसे ही न सिर्फ कपडे छोटे और टाइट हो जाते हैं इसके साथ उन्हें चूड़ियों को पहनने में भी काफी दिक्कत आती है. कई बार जब महिलाये थोड़ा हाथों और चूड़ी पर दबाव डाल के चूड़ी पहनने की कोशिश करती हैं ऐसे में चूड़ी ही टूट जाती है. इसके कारण चोट लगने की भी सम्भवना होती है. इसलिए हम आपको बताने जा रहे हैं की वजन बढ़ने के बाद भी किस तरह से आप चूड़ियों को आराम से पहन सकते हैं. चलिए जानते हैं.

चूड़ियां पहनते समय फॉलो करें ये टिप्स

**प्लास्टिक ग्लव्स** -आप प्लास्टिक ग्लव्स की मदद से भी आसानी से हाथों में चूड़ियां पहन सकती हैं. सबसे पहले इसके लिए आपको एक प्लास्टिक के हैंड ग्लव्स की जरूरत होगी जो कि आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगा. हाथों में अच्छे से प्लास्टिक हैंड ग्लव्स पहन ले और फिर टाइट चूड़ी को गोल-गोल घुमाते हुए कलाई में डालें. एक बार अंगूठे की हड्डी को चूड़ी जैसे ही पार कर ले उसे कलाई तक लाना आसान हो जाता है. इसके बाद आप हैंड ग्लव्स को रिमूव कर दें. इस विधि से आप कांच और मेटल दोनों ही तरह की चूड़ियों को पहन सकती हैं.

**वेजिटेबल प्लास्टिक** - वेजिटेबल प्लास्टिक आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी. इस प्लास्टिक की मदद से भी आप चूड़ी पहन सकते हैं. वेजिटेबल प्लास्टिक से अपने हाथों को अच्छी तरह से साफ कर लें. इससे प्रक्रिया में आपको जरा सी भी तकलीफ नहीं होगी. जब आपकी हथेली अच्छी तरह से प्लास्टिक में रात हो जाए. इसके बाद एक-एक करके चूड़ियों को पहन ले. इस तरह से आप बहुत जल्दी चूड़ियां पहन सकेंगी.

**हैंड क्रीम** -सबसे आसान तरीका होता है. हैंड क्रीम को हाथों में लगाकर चूड़ी पहनने का आप अपने हाथों में मॉइश्चराइजर या फिर कोई भी हैंड क्रीम लगा सकती हैं. आप इसके अलावा घी या फिर नारियल के तेल का भी इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन इससे आपके हाथ ज्यादा चिकने हो जाएंगे. इसीलिए आप हैंड क्रीम को ही लगाना प्रेफर करें.

**हैंड वॉश** - हाथों में साबुन लगाकर चूड़ियों को पहनने की ट्रिक न जाने कब से चली आ रही है. अगर आपके हाथ साबुन लगाने से ड्राई हो जाते हैं तो आप किसी अच्छे ब्रांड के हैंडवाश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं. हाथों में हैंड वाश लगाने से आपके हाथों में चिकनाहट आ जाती है और चूड़ियां आसानी से कलाई में उतर जाती है. इसलिए आप इस पैतरे को भी अपना सकते हैं.

# खेल

गुजरात को चैंपियन बनाने वाले 5 खिलाड़ी

## हार्दिक ने 400 से ज्यादा रन बनाए, राशिद गेंद और बल्ले दोनों से चमके




**अहमदाबाद।** IPL-15 के फाइनल में राजस्थान को हराकर गुजरात टाइटंस अपने डेब्यू सीजन में ही चैंपियन बन गई। राजस्थान के बाद अपने पहले सीजन में ही ट्रॉफी जीतने वाली गुजरात दूसरी टीम बनी। जब राजस्थान ने 2008 में ट्रॉफी जीती थी तो उसे टूर्नामेंट की सबसे कमजोर टीम माना जा रहा था, पर उसने एक के बाद एक धुरंधरों को जैसे धराशायी किया, ऐसा ही कुछ गुजरात ने इस साल किया। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस एक पूरी टीम की तरह खेली। लीग मैचों तक 14 में से 10 मुकाबले जीतकर टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही। हर मुकाबले में कोई न कोई खिलाड़ी टीम की जिम्मेदारी लेता नजर आया। भले ही टीम में देश-दुनिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी ज्यादा नहीं थे, पर अलग-अलग खिलाड़ियों ने टीम को महत्वपूर्ण मौकों पर फिनिशिंग लाइन के पार पहुंचाया। आइए जानते हैं उन पांच खिलाड़ियों के बारे में जो गुजरात के लिए इस सीजन में सबसे बड़े मैच विनर बनकर उभरे- हार्दिक पंड्या एक ऑल-राउंडर और कप्तान के रूप में गुजरात के लिए सबसे बड़े मैच विनर के रूप में उभरे। एक ओर IPL से पहले जहां सभी को चिंता थी कि हार्दिक अपनी फिटनेस के चलते सभी मैच खेल भी पाएंगे या नहीं, ऐसे में गुजरात ने न सिर्फ उन्हें ऑक्शन से पहले 15 करोड़ रुपए देकर ड्राफ्ट में लिया, बल्कि टीम का कप्तान भी बना दिया। हार्दिक ने IPL-15 में अपने प्रदर्शन के जरिए सलेक्शन को जस्टिफाई भी किया। पंड्या ने मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हुए टीम के लिए 15 मैचों में 487 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 4 अर्धशतक निकले और उनका स्ट्राइक रेट 131.27 का रहा। टूर्नामेंट से पहले चोट के चलते काफी कम गेंदबाजी कर रहे पंड्या ने IPL-15 में सधी हुई गेंदबाजी भी की और 15 मैचों में 8 विकेट चटकाए। उनका इकॉनोमी भी इस दौरान 8 से नीचे रहा। फाइनल मुकाबले में हार्दिक ने 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए और राजस्थान को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। इसी का नतीजा रहा कि गुजरात आसानी से टारगेट चेज करके चैंपियन बन गई।

अर्जुन-सनत सांगवान के शतक

## प्लेयर्स इलेवन रघुबीर क्रिकेट के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली ।** मैन ऑफ द मैच अर्जुन राप्रिया के शानदार शतक (167 रन सिर्फ 103 गेंद, 15/4, 10/6), सनत सांगवान (124 रन नाबाद, 101 गेंद, 11/4, 4/6) और मयंक मल्होत्रा (4/29 ),आईपीएल खिलाड़ी ऋतिक शौकिन (3/37 )और यशजीत (2/39) की घातक गेंदबाजी से प्लेयर्स क्रिकेट इलेवन क्लब ने मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड ग्राउंड में खेले जा रहे 45वें रघुबीर सिंह हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में सितारों से सुसज्जित एसीसी इलेवन को 83 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पराजित टीम की और से वैभव रावल द्वारा (125 रन सिर्फ 80 गेंद, 13/4, 6/6), यश कोठारी (90 रन सिर्फ 62 गेंद, 7/4, 5/6) और आईपीएल खिलाड़ी ललित यादव (1/31) का खेल शानदार रहा पर अपनी टीम को हार से न बचा पाए। गोकुल कौशिक (संस्थापक/कोच खिलाड़ी प्लेयर्स अकादमी) ने अर्जुन राप्रिया को किमती मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया । संक्षिप्त स्कोर प्लेयर्स इलेवन क्लब -342 रन 40 ओवर में 2 विकेट के नुक़सान पर (अर्जुन राप्रिया 167, सनत सांगवान 124 नाबाद, ललित यादव 1/31),एसीसी इलेवन-259 रन 32.2 ओवर में ऑल आउट (वैभव रावल 125, यश कोठारी 90, मयंक मल्होत्रा 4/29 ऋतिक शौकीन 3/37 यशजीत 2/39)।

### एक नजर

## लिवरपूल को हराकर रियल मैड्रिड ने 14वीं बार जीती चैम्पियन्स लीग

**पैरिस ।** फ्रांस की राजधानी पैरिस में स्थित स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में रियल मैड्रिड ने इतिहास रचते हुए लिवरपूल को हराकर 14वां यूएफ़ा चैम्पियन्स लीग ख़िताब अपने नाम किया।

स्पैनिश टीम ने बहुप्रतीक्षित फ़ाइनल में लिवरपूल को 1-0 से शिकस्त दी। रियल मैड्रिड पिछले नौ सीज़न में पांच चैम्पियन लीग ख़िताब जीत चुकी है।

मैच के पहले हाफ़ में मुकाबला टक्कर का रहा और कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। दोनों टीमों ने सतर्क शुरुआत की। सदियो माने 21वें मिनट में एक शॉट के साथ गोल के करीब आये, जिसे मैड्रिड के गोलकीपर कर्टोइस ने पोस्ट पर सफ़लतापूर्वक रोक दिया। लिवरपूल ने मोहम्मद सालाह के साथ मैड्रिड पर दबाव बनाया और एक लीड की तलाश में स्पेनिश गोलकीपर का दो बार परीक्षण किया। मैड्रिड ने ब्रेक से पहले लगभग गोल कर दिया लेकिन करीम बेंजेमा के प्रयास को लंबे रिव्यू के बाद ऑफसाइड करार दिया गया।

अंततः मैच के 59वें मिनट में फेडेरिको वैलवर्डे की ड्राइव की मदद से विनिसियस जूनियर ने मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी और रियल मैड्रिड ने अपना 14वां यूरोपियन कप जीत लिया।

सबसे ज़्यादा ख़िताब जीतने की सूची में मैड्रिड के बाद एसी मिलान का नाम है, जिसने सात बार चैम्पियन्स लीग जीती है जबकि लिवरपूल ने छह बार यह ट्रॉफ़ी जीती है।


## गुजरात पहली बार में बना नया आईपीएल चैंपियन

**अहमदाबाद ।** कप्तान हार्दिक पांड्या (17 रन पर तीन विकेट और 34 रन ) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन और शुभमन गिल के नाबाद 45 रन की बदौलत गुजरात सुपर जायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के फ़ाइनल में रविवार को सात विकेट से हराकर पहली बार में ही नया चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

गुजरात ने राजस्थान को 20 ओवर में नौ विकेट पर 130 रन पर रोक दिया और 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर जीत अपने नाम की। राजस्थान का इस हार के साथ 14 साल के अंतराल के बाद खिताब जीतने का सपना टूट गया। राजस्थान ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सवा लाख लोगों की मौजूदगी में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उनका यह फैसला सही नहीं रहा। यशस्वी जायसवाल टीम के 31 के स्कोर पर आउट हुए। यशस्वी ने 16 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों के सहारे 22 रन बनाये। कप्तान संजू सैमसन 14 रन बनाकर टीम के 60 के स्कोर पर हार्दिक का पहला शिकार बने। देवदत्त पडिकल मात्र दो रन बनाकर राशिद खान की गेंद पर आउट हुए। हार्दिक ने 79 के स्कोर पर बटलर को आउट कर राजस्थान के संघर्ष की कमर तोड़ दी। बटलर ने 35 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 39 रन बनाये। शिमरॉन हेत्माएर 12 गेंदों में 11 रन बनाकर हार्दिक को वापस कैच थमा बैठे। रविचंद्रन अश्विन छह रन बनाकर साई किशोर का शिकार बने। ट्रेंट बोल्ट 11 रन बनाकर आउट हुए जबकि रियान पराग 15 रन बनाकर पारी की आखिरी गेंद पर बोल्ड हुए। मोहम्मद शमी ने यह विकेट लिया। हार्दिक के तीन विकेटों के अलावा साई किशोर ने 20 रन पर दो विकेट लिए जबकि शमी, राशिद और यश दयाल को एक-एक विकेट मिला।

बोपन्ना पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

## डबल्स के क्वार्टर फाइनल में मिडेल कूप के साथ मिलकर लॉयड ग्लासपूल और हेनरी हेलियोवारा की जोड़ी को हराया



भारत के रोहन बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन के डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। बोपन्ना ने क्वार्टर फाइनल में डच पार्टनर माटवे मिडिल कूप के साथ मिलकर ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और फिनलैंड के हेनरी हेलियोवारा की जोड़ी को 4-6, 6-4, 7-6 (3) से मात दी।

बोपन्ना सात साल बाद किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2015 में रोमानिया के फ्लोरिन मर्जिया के साथ विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें जीन जूलियन रोजर और होरिया टेकाउ से हार का सामना करना पड़ा था। जीन जूलियन रोजर और होरिया टेकाउ की जोड़ी ने बाद में फाइनल जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया था। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी एक बार फिर बोपन्ना का मुकाबला जेन जूलिन रोजर और उनके पार्टनर के साथ होगा। रोहन बोपन्ना फ्रेंच ओपन के मिक्स्ड डबल्स में 2017 में खिताब जीत चुके हैं। पिछड़ने के बाद की वापसी दो घंटे चार मिनट तक चले इस मैच में 16वीं सीड बोपन्ना और मिडिलकूप ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए लगातार 10 पॉइंट जीते और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## विश्वनाथन आनंद का चेक एंड मेट शो, वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराया




**नार्वे।** पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन मैगनस कार्लसन को हरा दिया है। ये दोनों दिग्गज ब्लिट्स (शतरंज का सबसे छोटा फॉर्मेट) के नार्वे चेस के सातवें राउंड में आमने-सामने थे। इस जीत के साथ ही आनंद ने चैंपियनशिप में चौथा स्थान हासिल किया। इस चैंपियनशिप में दुनिया के टॉप-10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 52 साल के आनंद नीदरलैंड के अनीश गिरि और फ्रांस के मैक्सिम वेचियर से चौथे और नौवें राउंड में हारे थे। वे 5 अंकों के साथ प्रतियोगिता के चौथे नंबर पर रहे। भारतीय ग्रैंड मास्टर ने नार्वे के आर्यन त्यागी को हराते हुए जीत से शुरुआत की थी। उन्होंने तैमूर रादजाबोव के साथ अंक साझा करने से पहले तीसरे दौर में विसलीन तपलोव को हराया।

वर्ल्ड चैंपियन को पिछले महीने 16 साल के प्रज्ञानानंदा ने हराया था गिरि से मिली हार और चाइनीज हाओ वांग से ड्रॉ खेलने के बाद आनंद ने कॉर्लसन पर जीत दर्ज कर स्कोर किया। उनकी इस जीत से पहले आर. प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन को एक ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट चेसबेल मार्स्टस 2022 में मात दी थी।

# रेडक्रॉस से जरूरतमंदों को दिए जाएंगे कृत्रिम अंग-कलेक्टर भीम सिंह

## रेडक्रॉस द्वारा केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं को भी बढ़ाने का होगा काम

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।




रेडक्रॉस की ओर से जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए कैम्प लगाया जाएगा जिसमें जरूरतमंदों को चिन्हांकित कर उन्हें जरूरी मदद दी जाएगी। साथ ही ऐसे लोग जो किसी प्रकार की शारीरिक विकृति का सामना कर रहे हैं और यदि उन्हें सहायक एसेसरीज (उपकरण)की आवश्यकता है तो वह भी रेडक्रॉस की ओर से दी जाएगी। यह बातें कलेक्टर भीम सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने रेडक्रॉस द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविरों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के अस्पतालों में मरीजों को ब्लड की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने इसके लिए एक वार्षिक शेड्यूल तैयार कर शिविर आयोजन का मासिक लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। इसमें उन्होंने सामाजिक संगठनों तथा दूसरे विभागों का भी सहयोग लेने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने

**कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में हुई रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक**

कहा कि अब चूंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था है ऐसे में उचित मात्रा में ब्लड यूनिट यहां स्टोर कर के रखा जाना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों को अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित दुकानों के किराए में की गयी वृद्धि के अनुसार राशि नही लिए जाने पर नाराजगी जतायी। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही पूरी करते हुए किराये की राशि लेने के निर्देश दिए। बैठक में जतन केन्द्र में संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर को विस्तार देने और अपग्रेड करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नए बिल्डिंग में रेडक्रॉस सोसायटी मेडिकल स्टोर की एक शाखा भी शुरू करने के निर्देश दिए। रेडक्रॉस की ओर से जरूरतमंद स्कूली बच्चों को चप्पल मुहैय्या कराने के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। इस संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा पूरी जानकारी उपलब्ध नही कराए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जतायी और अगले 1 हफ्ते में जानकारी देने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों को चप्पल का वितरण जल्द किया जा सके।

बैठक में रायगढ़ शाखा के भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के प्रभारी अधिकारी ने प्रतिवेदन के माध्यम से सोसायटी के गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। गत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरे के साथ पिछले बैठक में दिये निर्देशों के पालन हेतु किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, संतोष अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, प्रभारी अधिकारी डॉ.एच.एस.उराव, प्रबंधक मुकेश शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण जे.एल.जांगड़े, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, सीजीएम डीआईसी एस.के.राठौर, जिला संगठक डॉ.सुषमा पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### केवडाबाड़ी बस स्टैंड में बढ़ायी जाएंगी यात्री सुविधाएं

*कलेक्टर सिंह ने केवडाबाड़ी स्थित रायगढ़ के प्रमुख बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं में वृद्धि के निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत रेडक्रॉस की ओर से यहां यात्री प्रतीक्षालय का उन्नयन और पेयजल तथा अन्य सुविधाओं के लिए कार्य किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने नगर निगम आयुक्त तथा रेडक्रॉस प्रबंधन को प्रस्ताव तैयार कर जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए।*

## एक नजर

### जमीन विवाद में परिवार को लाठी-डंडे से पीटा

महिला के साथ भी की धक्का-मुक्की, 3 घायल; बोले-जान से मार देंगे, 2 गिरफ्तार



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कुछ लोगों ने मिलकर एक परिवार को लाठी-डंडे से जमकर पीट दिया। वहीं बीच बचाव करने आई महिला के साथ भी धक्का-मुक्की की गई है। मारपीट में 3 लोग घायल हुए हैं। इस केस में पुलिस ने अब 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है। पत्थलगांव इलाके की रहने वाली महिला ने इस केस में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि रविवार सुबह वह अपने पति, ससुर के के साथ घर में थी। इसी दौरान बंदियाखार का एक शख्स अपने 3 बेटे और कुछ लोगों को घर लेकर आया था। इसके बाद वह कहने लगा कि तुम लोगों ने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। इसके अलावा उसने गाली गलौज शुरू कर दी। गाली देने के अलावा वह जान से मारने की धमकी देने लगा था।

#### देवर आया तो उसे भी पीटा

बताया गया कि इसके बाद उन्होंने महिला के पति पर हमला कर दिया। फिर उसके ससुर को भी लाठी-डंडे से मारने लगे। इस पर महिला ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपी उससे भी झगड़ने लगे। गालियां दी और धक्का-मुक्की की। इस बीच महिला का देवर भी भी पहुंच गया, उसने भी बीच बचाव किया। लेकिन आरोपी नहीं माने, उन्होंने महिला के देवर को भी खूब मारा। मारपीट के बाद आरोपी वहां से भाग गए थे। इस घटना में महिला के पति, ससुर और देवर को चोट आई है।

#### पुलिस को फरार आरोपियों की तलाश

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थीं। तलाश करने के बाद पुलिस ने इस केस में प्रिंस भगत(30), प्रतीक भगत (24) को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य आरोपी फरार हैं। अब पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### युवक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला

घर से रायपुर जा रहा था, तभी गांव के ही शख्स ने किए कई वार और भाग गया



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में युवक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि पीड़ित युवक किसी काम से घर से रायपुर जा रहा था। इसी दौरान उसी के गांव के शख्स ने उस पर चाकू से कई वार किए। जिससे युवक घायल हो गया है। मामला रानीतराई थाना क्षेत्र का है। रानीतराई में रहने वाला चेतन साहू सोमवार सुबह किसी काम से रायपुर जा रहा था। वह अभी यहां असोगा के पास पहुंचा था कि उसी समय गांव का ही संतोष देवांगन ने रोक लिया। रोकने के बाद उसने पहले गाली देना शुरू किया। इसके बाद चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। संतोष ने चेतन के शरीर के कई हिस्सों में वार किए। जिससे चेतन बुरी तरह से घायल हो गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला था। वहीं आस-पास के लोगों की मदद से चेतन को पास के अस्पताल भेजा गया था। यहां से पहले उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। इसके बाद पीड़ित को रायपुर रेफर किया गया है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुराना विवाद था। जिसकी वजह से आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

### किसानों को मिली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 11 वीं किस्त

**जगदलपुर ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आज किसानों को 11 वीं किस्त की राशि जारी की गई। इस अवसर पर कुम्हरावण्ड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राशि अंतरण एवं सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 02-02 हजार रूपए की तीन किस्त जारी की जाती है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि एवं उद्यानकी विद्यालय के अधिष्ठता, पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक, कृषि, उद्यानकी, मत्सस्य पालन के उप संचालक सहित बड़ी संख्या में कृषकों के अलावा अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों द्वारा खेल गतिविधियों का आयोजन’

जिले में 428 राजीव युवा मितान क्लब का हुआ गठन, 15,742 युवाओं ने ली सदस्यता’





**कोरिया।** 'युवा शक्ति के सर्वांगीण विकास और युवाओं को संगठित कर राज्य के आर्थिक विकास की गतिविधियों में प्रभावी रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने राजीव युवा मितान क्लब का गठन' राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के द्वारा जिले में खेल, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 428 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है, जिसमें कुल 15 हजार 742 युवा सदस्यों ने सदस्यता ली है। शासन के द्वारा राज्य के युवा शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिये युवाओं को संगठित कर प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यावरण का संरक्षण, संवर्धन के लिये सामाजिक नेतृत्व प्रदान करते हुये राज्य के आर्थिक विकास की गतिविधियों में प्रभावी रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

जिला खेल अधिकारी एम.आर.भगत ने बताया कि सभी विकासखण्डों को क्लस्टर में विभाजित कर सदस्यों को विभिन्न गतिविधियां जिनमें खेल, सामाजिक, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सदस्यों द्वारा आमजनों तक शासन के विभिन्न महत्वकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाये रखने का संदेश भी दिया जा रहा है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के अंतर्गत युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास कर स्वावलंबन हेतु शिक्षा व खेल के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना में सहभागी बनने का अवसर प्रदान किया गया है। कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने एवं सुचारू रूप से व्यवस्थित करने हेतु प्रति क्लब, प्रति तिमाही 25 हजार मान से प्रति वर्ष एक लाख रूपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदाय किया जाएगा।

# गांवों में लोगों को मिले बैंकिंग सेवाओं का लाभ-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।



जिन गांवों से नजदीकी बैंक 5 किलो मीटर की अधिक दूरी पर है वहां पर गांवों में बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। इसके लिए बीसी सखी व बैंक करेस्पॉन्डेन्ट की सहायता ली जाए। जिससे लोगों को अपने वित्तीय लेनदेन के लिए अधिक दूरी न तय करनी पड़े। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। इसके लिए उन्होंने सभी बैंक सखियों को एक्टिव कर नियमित वित्तीय सेवाओं की पहुंच उपलब्ध करवाने के निर्देश एनआरएलएम के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सिंह ने मितान योजना के बारे में चर्चा करते हुए लाभ लेने वाले हितग्राहियों को जरूरी दस्तावेज के बारे में अग्रिम सूचना देकर वे दस्तावेज लेते हुए समय में उन्हें सर्टिफिकेट बना कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लोगों को उन्हें घर में जरूरी सेवाओं के सर्टिफिकेट समय-सीमा के भीतर पहुंचाकर दिया जाना है। कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने अभिलेख शुद्धता का कार्य भी तेजी से पूरा करने के लिए कहा। साथ ही व्यवस्थापन तथा आबंटन योजना के तहत आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने सभी सेवा प्रदाता विभाग के अधिकारियों से कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्राप्त और निराकृत किये आवेदनों की जानकारी पंजियों में संधारित हो। बैठक के दौरान उन्होंने जिन गौठानों में बिजली सप्लाई का काम करने के निर्देश दिए है उनके बारे में जानकारी ली गयी। कुछ स्थानों पर कनेक्शन नहीं पहुंचने की बात आने पर उन्होंने जल्द इन गौठानों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को दिए। उन्होंने गौठानों में महिला समूहों को दिए गए मशीनों की वेंडर्स के माध्यम से जरूरी ट्रेनिंग कराने तथा तैयार उत्पादों के लिए मार्केट लिंकेज के निर्देश भी दिए। गोधन न्याय योजना के तहत निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का समितियों में प्राथमिकता से भंडारण कराने के लिए कहा। साथ ही धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए ब्रांच तथा समिति स्तर पर किसानों की बैठक करने तथा अपेक्षित मात्रा में बीजों के भण्डारण के निर्देश भी उन्होंने दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी के केसीसी निर्माण के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि यह काम दीर्घकालिक अवधि के लिए किया जा रहा है। अत: कार्य की गुणवत्ता में कही कोई कमी न रहे। उन्होंने शेष बचे राजीव युवा मितान क्लब का गठन जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि अस्पतालों में मरीजों के लिए आने वाली दवाईयों की एक्सपायरी डेट की नियमित जांच की जाए तथा समय से उसे मरीजों को वितरित किया जाए। एक्सपायर हो चुकी दवाईयों को डिस्पोज किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कही लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आवेदकों को की गई कार्यवाही की दें जानकारी, फीडबैक भी लें

*कलेक्टर सिंह ने जनसमस्या निवारण शिविर के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि की गई कार्यवाही से आवेदक को भी अवगत करवायें। साथ ही विभाग प्रमुख आवेदकों से चर्चा कर उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में फीडबैक भी अवश्य लें। जिससे पता चले कि हितग्राही को चाही गयी सुविधा व समाधान प्राप्त हुआ है अथवा नहीं।*

## उत्तर बस्तर डिवीजन टीडी टीम की एक महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत उत्तर बस्तर डिवीजन टीडी. टीम की सदस्य महिला नक्सली सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला उम्र 25 वर्ष ने आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल आप्स), पुष्कर शर्मा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला को 2003 में निब्रा सीएनसी सदस्य टीरू मड़काम ने शादी का प्रलोभन देकर नक्सली संगठन में शामिल कराया था, परन्तु टीरू मड़काम स्वयं शीघ्र ही नक्सली संगठन छोडकर भाग गया तब सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला भी नक्सली संगठन छोड़ना चाहती थी, तब नक्सली कमाण्डर विक्रम ने वर्ष 2009 मे सुमित्रा की शादी कमलदास उसेण्डी के साथ जबरन करा दिया। सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला 12 बोर बंदुक बनाने तथा हथियार रिपेयरिंग का काम करती थी। सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला नक्सली संगठन में प्रतापुर एसी टेक्निकल टीम सदस्या थी इसके पूर्व सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला वर्ष 2009-2010 तक बारदा एलओएस सदस्य, वर्ष 2010-2011 तक प्रातापुर एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) तथा वर्ष 2011 से अब तक उत्तर बस्तर डिवीजन टीडी टीम सदस्य के रूप (प्रतापुर एरिया कमेटी क्षेत्र) में कार्य की है।

## हमर लैब‘ के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सकीय स्टॉफ को सराहा



**कोण्डागांव।** जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में विगत 28 मई 2022 को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा हमर लैब का उद्घाटन किया गया था। ज्ञात हो कि हमर लैब के अंतर्गत मरीजों का सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, लिपिट प्रोफाइल एलेक्टोराईट व इस प्रकार के कुल 114 टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी एवं मरीजों का कल्चर यूरिन, स्टूल कल्चर, एफएनसी, डेंगू, चिकन गुनिया, वायरल हेपेटाईटिस टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

इस दौरान जिला अस्पताल नेत्र सर्जरी वार्ड में जन्मजात मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन किया गया था जिसमें मरीजों द्वारा आई ऑपरेशन सफल होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी को पुष्प भेंट प्रदाय किया गया। चूंकि जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छ साफ-सफाई एवं मरीजों के ईलाज एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। जिससे माननीय मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल के समस्त डॉक्टर, स्टॉफ नर्स एवं अधिकारी-कर्मचारी का मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति कर्तव्य, मेहनत व उनके कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए निरन्तर इसी तरह के कार्य करने की प्रेरणा दी।

जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में हमर लैब के उद्घाटन के अवसर पर वाणिज्य कर आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, विधायक कोण्डागांव श्री मोहन मरकाम, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बार्ड अध्यक्ष श्री चन्दन कश्यप, एमडी एनआरएचएम रायपुर प्रियंका शुक्ला, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर, सिविल सर्जन डॉ. संजय बसाक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. केके सोरी, पैथोलॉजिस्ट डॉ. महेश सांडिया, शैल्य चिकित्सक डॉ. एस नागूलन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना मीणा, चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमृत रोहलेडकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कई महीनों से बह रहा सीसी रोड पर नाली का गंदा पानी, किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही

जोहार छत्तीसगढ़-
कोतबा।




जशपुर जिले के नगर पंचायत कोतबा के वार्ड नंबर 9 और 11 के बीच बने सीसी रोड पर कई महीनों से नाली का गंदा पानी बह रहा है पर नगर पंचायत कोतबा को इसकी जरा भी फिक्र नहीं आपको बता दें कि नगर पंचायत कोतबा पिछले वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण पर पुरे जिले में फस्ट आया था। परन्तु हाल ही में नगर की सफाई को लेकर लोगों में काफी नाराजगी दिखाई दे रही है। नालियों का निर्माण ठीक से नहीं किया गया है जिसके कारण नालियों से पानी पार नहीं हो पा रहा है है जिससे सड़क पर नाली का गंदा पानी बह रहा है जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नाली के आसपास के लोगों को नाली से निकलने वाली बदबू सुबह शाम सताने लगी है परंतु नगर पंचायत कोतबा को इसकी जरा भी फिक्र नहीं बरसात के दिनों में कई जगह नाली का पानी जाम दिखाई देता है पानी रुकने पर उसमें मच्छरो का पैदावार अधिक होता है जिससे लोगों को मलेरिया तथा डेंगू का भी खतरा काफी बढ़ जाता है नाली का निर्माण इस प्रकार किया गया है बीच में ढलान है और नगर भ्रमण करने पर कई नालियां ऐसी दिख जाती है जहांसे पानी पार नहीं हो पाता है जगह-जगह टूटी हुई नालियां दिखाई देती है नगर पंचायत सीएमओ अंकुल ठाकुर को नाली का पानी सड़क में बहने की सूचना देने पर उनका कहना होता है कि ठेकेदारों को बोला गया है जल्द काम शुरू होगा। परंतु कई महीने बीत जाने पर भी जहां नाली का पानी सड़क पर आ रहा हैं वहां की मरम्मत नहीं की गई है। दूसरी ओर पुरे नगर में पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन सीसी रोड को खोद कर बनाए गए हैं जो की साल भर से अधिक हो चुके हैं परंतु रोड की मरम्मत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है पूरे नगर का सीसी रोड बड़े-बड़े गड्ढों से भरा पड़ा है। पिछले हफ्ते ही जशपुर रायगढ़ सांसद गोमती साय का आगमन नगर में हुआ था तब सांसद महोदया ने जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरने की और सड़क को सुधारने की बात कही थी परंतु अभी तक कुछ खासा हो नहीं पाया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गोल्डी साहू लिखते हैं कि यह है नगर पंचायत कोतबा का हृदय स्थल कहे जाने वाले सीसी रोड की विगत 4 माह से रोड में पानी भरकर के काई जमा हुआ है प्रतिदिन दो चार व्यक्ति गिरने के लिए मजबूर हैं जहां सैकड़ों व्यक्ति का प्रतिदिन आना जाना होता है आज तक किसी प्रकार का कोई अधिकारी नाही जनपद प्रतिनिधि इस समस्या का ठोस कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है आने वाले दिन निश्चित रूप से किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है जिसका भगवान ही मालिक होगा। अब देखा यह जाना है कि कब तक नगर पंचायत कोतबा के अधिकारियों की नजर इस बात पर पड़ती है और कब नगर पंचायत कोतबा में स्वच्छता पर ध्यान दिया जाता है।

राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस

# तम्बाकू हमारे पर्यावरण के लिए खतरा विषय पर रैली एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## शहरी क्षेत्र के विभिन्न पान ठेलों में कुल 19 प्रकरण में 3400 रुपये की हुई चालानी कार्यवाही






जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में आज प्रात: 9 बजे शालेय छात्र-छात्राओं तथा एनजीओ के रोको-टोको टीम द्वारा रायगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर तम्बाकू हमारे पर्यावरण के लिए खतरा विषय पर रैली एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही नुक्कड़-नाटकों के माध्यम से जन-जागरूकता में तम्बाकू के प्रति बढ़ते हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ऑनलाईन प्रशिक्षण सह कार्यशाला शिक्षा विभाग के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के समस्त प्राचार्यो को दिया गया। जिसमें कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी गई।

साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तरों में 10-10 स्कूलों को नामांकन कर तम्बाकू रहित शैक्षणिक संस्थान बनाने हेतु चिन्हांकन कराया गया। सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि तम्बाकू निषेध दिवस के परिपालन में कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में चालानी कार्यवाही किया गया है। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.राकेश वर्मा व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समन्वय से रायगढ़ के शहरी क्षेत्र के विभिन्न पान ठेलो में कुल 19 प्रकरण व 3400 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें जिला स्तरीय टीम के अलावा सभी थानों से एसआई टीम के साथ उपस्थित थे। साथ ही धारा 4 एवं 6 के परिपालन में सभी सार्वजनिक जगहों तथा शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू रहित क्षेत्र का बोर्ड लगाया गया। इसी तरह धारा 5 एवं 7 के परिपालन में तत्बाकू उत्पादों के क्रय-विक्रय बिना चेतावनी बोर्ड (तम्बाकू से कैंसर होता है) का प्रदर्शन सभी पान ठेलो एवं बिक्री जगहों पर किया गया। इसके साथ ही 18 वर्षो के व्यक्तियों को तम्बाकू पदार्थ बेचना दण्डनीय अपराध है, दोनों का चेतावनी बोर्ड सभी पान ठेला में लगाया जाना आवश्यक है।

# नगर निगम तुहर द्वार, वार्ड में ही समस्या का होगा समाधान



**राजनांदगांव** । आम नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं का वार्डो में ही निराकरण करने नगर निगम द्वारा 1 जून से 19 जून 2022 तक वार्डो में जन चौपाल लगाया जा रहा है। जन चौपाल में राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास के प्रकरणों के अलावा साफ-सफाई, विद्युत, पानी की समस्या एवं भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का समाधान किया जायेगा। साथ ही वार्ड में अतिक्रमण, निर्माण कार्य संबंधी समस्या के लिये आवेदन लेकर अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा। इसके अलावा राजस्व करों में सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर एवं दुकान किराया भी जमा कराया जायेगा तथा नागरिकों एवं वार्ड के अन्य समस्याओं का भी निराकरण किया जायेगा और संबंधित वार्ड में मेडिकल मोबाईल यूनिट द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

जन चौपाल का शुभारंभ कल 1 जून को वार्ड नं. 1 व 2 से किया जायेगा, दोनो वार्ड के लिये कर्मा भवन नवागांव में प्रात: 9:30 से 11:30 बजे तक जन चौपाल लगाया जायेगा। जहॉं महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहित पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्या का समाधान करेगे।

# आठ थानों के निरीक्षक सहित उप निरीक्षक व सहायक उपनिरीक्षकों को तबादला

**बलरामपुर।** जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिले के 8 थानों में निरीक्षको की नवीन पदस्थापना करने के साथ दो उप निरीक्षक एवं 8 सहायक उपनिरीक्षकों की भी नवीन पदस्थापना की गई। जारी आदेश के अनुसार रामानुजगंज थाना प्रभारी सुषमा वर्मा को बनाया गया तो वही कुसमी थाना प्रभारी रमेश कुमार मरकाम को बनाया गया। वही सामरीपाठ थाना में पदस्थ निरीक्षक प्रमोद रूसिया को रक्षित केंद्र बलरामपुर नवीन पदस्थापना की गई। वही बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले,सामरी पाट थाना प्रभारी निरीक्षक फर्डीनंद कुजुर,कोरन्धा थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह टेकाम, रघुनाथ नगर थाना प्रभारी निरीक्षक बाजी लाल सिंह, रामचंद्रपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर मींज एवं निरीक्षक ओस्कर मिंज को थाना प्रभारी चांदो बनाया गया। वहीं उप निरीक्षक विश्वनाथ राम को रक्षित केंद्र बलरामपुर उप निरीक्षक अर्जुन यादव को प्रभारी जीविषा बलरामपुर नवीन पदस्थापना की गई। इसी प्रकार सहायक उपनिरीक्षक सुमेश्वर टोप्पो को रक्षित केंद्र बलरामपुर, अनिल मिंज को थाना राजपुर, विजय सिंह को थाना राजपुर, प्रदीप मिश्रा को चौकी डिंडो कृपा निधान पांडे को चौकी बरियो, कृष्णानंद सिंह को थाना राजपुर कल्याण सिंह को चौकी विजयनगर नवा साय को थाना कुसमी समर साईं पैकरा को थाना कोरन्धा भेजा गया।

# चौपाल में अपनी समस्याओं को रखने ग्रामीणों में दिख रही उत्साह

## कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर ने किया चौपाल का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चाम्पा।



कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के निर्देशन में जांजगीर चाम्पा जिले के सभी ग्राम में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जा रही है। तीन दिवसीय इस शिविर के दूसरे दिन आज भी ग्रामीणों ने अपना आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर राहुल देव ने सुबह से ही बलौदा ब्लॉक के जावल, नवागढ़ के सिवनी, पाली सहित अन्य ग्रामों में आयोजित चौपाल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से भी मुलाकात कर समस्याएं जानी और चौपाल में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की पहल से जिले के प्रत्येक गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस आयोजन के आज दूसरे दिन चिन्हांकित ग्रामों में चौपाल लगाया गया। बम्हनीडीह ब्लॉक के कुम्हारी खुर्द में ग्रामीणों को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत किसानों को प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। ग्राम स्तर पर आयोजित चौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों का संकलन कर संबधित विभाग को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को चौपाल के आयोजन और संबंधित ग्रामों की समस्या से लेकर प्राप्त आवेदनों की जानकारी हेतु नोडल अधिकारी बनाया है। इसके अलावा सहायक नोडल अधिकारी, ग्राम प्रभारी भी बनाये गये हैं। चौपाल का आयोजन 1 जून तक किया जाएगा।

कलेक्टर की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि अधिकारियों की टीम आने और समस्याओं को लेकर आवेदन लिए जाने से उन्हें भरोसा है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का उचित निराकरण होगा। डभरा ब्लॉक के ग्राम किरारी की तिहारिन बाई और भक्तुराम ने कहा कि अपनी समस्या को लेकर उन्हें कार्यालय या अधिकारी के पास नहीं जाना पड़ रहा है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान नहीं हो रहा है। समय और आने-जाने का खर्च भी बच रहा है। कोटमी के चाम्पा लाल महंत ने बताया कि वह आवास के लिए आवेदन दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि यह समस्या जल्दी ही निराकृत हो जाएगी। इसी तरह रामवती अपनी बहू अंजनी का नाम राशन कार्ड में जुड़वाने के लिए पहुंची थी। गांव -गांव लग रहे इस चौपाल के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने के लिए अधिकारियों का दल गांव का भ्रमण करते है। कलेक्टर द्वारा बनाये गये नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी और ग्राम प्रभारी, स्थानीय मैदानी कर्मचारियोंए मितानीनोंए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम स्तर पर भ्रमण कर आधारभूत जानकारी जुटाई जाती है। इसके साथ ही वे ग्रामीणों को चौपाल की जानकारी देते हैं।

### आम नागरिकों के लिए है चौपाल, लाभ उठाएं - कलेक्टर

कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने चौपाल को आम नागरिकों के लिए बताते हुए सभी को इसका लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद और पात्र ग्रामीणों को मिले यहीं चौपाल की प्राथमिकता है। राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी के साथ व्यापक प्रचार.प्रसार भी सुनिश्चित की जा रही है। जो भी आवेदन प्राप्त होंगे। उसका उचित निराकरण किया जायेगा।

# मुरारीपारा कब बुलबुल ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया

## कब-बुलबुल ने चित्रकला के माध्यम से चलाया जन- जागरूकता अभियान




**कोण्डागांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के मंशानुरूप तथा पदेन संरक्षक एवं जिला कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश नेताम, जिला मुख्य आयुक्त बंगाराम सोडी के मार्गदर्शन एवं जिला सचिव चमनलाल सोरी, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू , एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का.) श्याम लाल कोर्राम,के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव से सम्बद्ध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब-बुलबुल के छात्र-छात्राएं कब-मास्टर पवन साहू के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया । तथा कब-बुलबुल के छात्र- छात्राओं ने अपने चित्रकला के माध्यम से लोगों को तंबाकू का सेवन न करने जन- जागरूकता अभियान चलाया गया इस अवसर पर कब मास्टर पवन साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि तंबाकू निषेध दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करना है ।

## एक नजर

### कोविड से मृत 32 लोगों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 32 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रायगढ़ अंतर्गत 16 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें आनंद अग्रवाल, प्रकाश सिंह, प्रदीप सरकार, सचिव अग्रवाल, विजय लाल, पिजुश कांति दत्ता, उदय प्रताप, शिव कुमारी शुक्ला, मो.शरीफ खान, जगतपाल निराला, कार्तिकराम यादव, दिया चौहान, गंगाबाई, गेंदलाल चौहान, कृष्णा लोहार एवं राजकुमारी यादव शामिल है।

इसी तरह लैलूंगा अंतर्गत मृतक आरती सिदार, सारंगढ़ अंतर्गत मृत 7 व्यक्तियों में गंगाधर अग्रवाल, जमीना बी, रामाधार अजय, केशरबाई सिदार, मालिकराम, हेमलाल मिरी एवं मनोहर मालाकार, घरघोड़ा अंतर्गत मृतक भरत प्रसाद दुबे, पुसौर अंतर्गत मृत 2 व्यक्तियों में संतोषी ओगरे एवं राजेन्द्र कुमार सिदार, बरमकेला अंतर्गत मृतक प्रफुल्ल कुमार साहू एवं सादमती महन्त, खरसिया अंतर्गत मृत 3 व्यक्तियों में घटपाल सिंह, अम्बा लाल पटेल एवं महावीर प्रसाद कबुलपुरिया शामिल है।

### नगर सैनिकों की ड्यूटी में आंशिक संशोधन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टोरेट भवन, रायगढ़ में जिला स्तरीय नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित 07762-223350 में 2 पालियों में 24 घंटे खुले रखकर जिला सेनानी नगर सेना, रायगढ़ के सैनिकों की ड्यूटी गई है। उक्त नगर सैनिकों की ड्यूटी में आंशिक संशोधन करते हुए, नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)के साथ-साथ बाढ़ आपदा राहत से संबंधित दूरभाष पर कार्य करने के लिए माह जून 2022 से आगामी आदेश पर्यन्त तक ड्यूटी लगायी गयी है।

माह के 1 तारीख से 15 तारीख तक प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक दिलचंद साहू नगर सेना क्रमांक 262 एवं भीष्मदेव पटेल नगर सेना क्रमांक 67, माह के 1 तारीख से 15 तारीख तक रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक यदुमणी सिदार नगर सेना क्रमांक 252 एवं केशव प्रसाद यादव नगर सेना क्रमांक 25, माह के 16 तारीख से माह के अंतिम तारीख तक प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक नगर सेना क्रमांक 252 यदुमणी सिदार एवं केशव प्रसाद यादव नगर सेना क्रमांक 25 एवं माह के 16 तारीख से माह के अंतिम तारीख तक रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक दिलचंद साहू नगर सेना क्रमांक 262 एवं भीष्म देव पटेल नगर सेना क्रमांक 67 की ड्यूटी लगायी गयी है।

### असामायिक मृत्यु के 3 प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग घरघोड़ा अंतर्गत प्राकृतिक आपदा सर्पदंश एवं बिजली गाज से 3 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात एसडीएम घरघोड़ा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम-कया निवासी डिगरीपाली की 1 सितम्बर 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी टोपकुमारी को 4 लाख रुपये, ग्राम-रायकेरा के विमला की 16 अगस्त 2021 को बिजली गाज से मृत्यु होने पर उनके पति तेजराम नगेशिव को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-बगचबा निवासी धरमसिंह की 17 अगस्त 2021 को बिजली गाज से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी बुधवारो राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### गुण नियंत्रण व कीट/व्याधि नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय दल गठित एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खरीफ/रबी वर्ष 2022-23 में कृषि आदान सामग्री यथा बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि, कल्चर इत्यादि के गुण नियंत्रण से संबंधित भण्डारण, वितरण, रासायनिक उर्वरकों के विक्रय में अनियमितता/कालाबाजारी के प्रकरणों में नमूना लेने, छापेमारी, विक्रय प्रतिबंध लायसेंस निरस्तीकरण कार्यवाही के दौरान जब्त उर्वरक स्टॉक का नियमानुसार शीघ्र निराकरण करते हुए कृषकों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मार्कफेड के भण्डारण केन्द्रों में पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने तथा पीओएस मशीन में भौतिक स्टॉक एवं पीओएस स्टॉक का मिलान करने हेतु साथ ही गुण नियंत्रण व कीट/व्याधि नियंत्रण हेतु समय-समय पर क्षेत्र निरीक्षण कर सलाह हेतु जिला स्तरीय दल एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाती है।

# कलेक्टर सिंह ने कु.संयुक्ता गुप्ता के परिजनों को सौंपा 50 हजार का चेक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर रेडक्रॉस के माध्यम से कु.संयुक्ता गुप्ता को इलाज के लिए 50 हजार रुपये की राशि दी गई। जिसका चेक कलेक्टर सिंह ने आज उनके परिजनों को सौपा। साथ ही हैदराबाद में बेहतर उपचार के लिए भी व्यवस्था का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी कु.संयुक्ता गुप्ता का जनवरी माह में हुए एक दुर्घटना में स्पाईनल कॉड बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गयी है। बीते दिनों वह कलेक्टर भीम सिंह से मुलाकात करने पहुंची थी। जिसके पश्चात कलेक्टर सिंह ने कु.गुप्ता के बेहतर इलाज के लिए रेडक्रॉस के द्वारा 50 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए थे।

साथ ही परिजनों द्वारा बताये जाने पर कि आगे का उपचार हैदराबाद में किया जाना है, कलेक्टर सिंह ने उसके लिए भी हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन परिजनों को दिया। इसी प्रकार रायगढ़ के सुभाष चन्द्र अग्रवाल को एक नई दो चक्का साइकिल भी रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान की गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने श्री अग्रवाल को साइकिल सौंपी।

# शौच के लिए बाहर निकले ग्रामीण पर हाथी ने किया हमला, बाल बाल बचा ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र के कीदा गांव में आज तड़के सुबह शौच के लिए निकले अधेड़ ग्रामीण पर आक्रामक नर हाथी ने हमला कर दिया राहत की बात रही कि ग्रामीण की जान बच गई है जिसे छाल हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया है जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है वहीं वन अमला मौके की नजाकत को देखते हुए विभागीय कार्यवाही को अंजाम देते हुए आगे की आवश्यक कार्यवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत छाल रेंज के कीदा गांव में आज तड़के सुबह हाथी के हमले से एक अधेड़ ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे वन विभाग एवं परिजनों की मदद से छाल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल इलाज के लिए रेफर किया गया है बताया जा रहा है कीदा गांव निवासी जोतराम यादव आज तड़के सुबह हमेशा की भांति सुबह गांव से कुछ दूर फ्रेश होने तालाब की ओर निकला था इस बात से अनजान की क्षेत्र में एक आक्रामक नर हाथी घूम रहा है। तालाब के पास जैसे ही ग्रामीण पहुंचा ही था कि पहले से मौजूद नर हाथी उस पर हमला कर दिया हाथी तालाब की ओर ग्रामीण को दौड़ाने लगा इस भागम भाग में जोत राम हाथी के जद में आ गया और उसे सूंड से उठाकर पटक दिया जिससे उसे अंदरूनी गंभीर चोट आई है राहत की बात रही कि हाथी उसे छोड़ जंगल की ओर चला गया जैसे ही इस घटना की जानकारी गांव में हुई उसके तुरंत बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। आखिरकार आनन फानन में घटना की जानकारी लोगों द्वारा वन विभाग में दी गई सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंच घटना स्थल का बारिकी से मौका मुआयना कर आगे की आवश्यक कार्यवाही में जुट गई साथ ही तत्काल घायल ग्रामीण को इलाज के लिए छाल अस्पताल लाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों द्वारा बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिस तरह से अकेले नर हाथी गांव की ओर कुच किया और ग्रामीण पर हमला बोल दिया इससे कहीं न कहीं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पर सवाल खड़ा कर रहा है संबंधित सरकारी कर्मचारियों की निष्क्रियता उजागर हो रही है ग्रामीणों के मुताबिक बिती रात को जब हाथी गांव क्षेत्र में कूच किया उसकी जानकारी ग्रामीणों को नही थी संबंधित विटगार्ड द्वारा गांव में मुनादी नहीं कराई गई थी। लिहाजा यह एक अप्रिय घटना के रूप में आज सुबह लोगों के समक्ष पेश आया है।

# आम फल से लदे पेड़ को काटने के दौरान पेड़ की चपेट में आने से एक की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-कोतबा।

मामला जशपुर जिले के भिंजपुर गांव की है जहां फल से लदे आम पेड़ को मशीन से काटने के बाद भी नहीं गिरने पर उसी पेड़ के नीचे बैठकर निगरानी कर रहे ग्रामीण के ऊपर पेड़ गिरने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।









घटना चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुलड़ेगा के आश्रित मुहल्ला भींजपुर बगीचा पारा की है। मामले को लेकर चौकी प्रभारी टेकराम सारथी ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि फलदार पेड़ को काटे जाने सहित अन्य लापरवाही बरतने वाले कि विवेचना के बाद कार्यवाही की जाने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर यानी मंगलवार को ग्राम पंचायत खजरीढाब के शिक्षक सालिक राम ठाकुर के द्वारा एक आम का पेड़ ग्राम पंचायत बुलड़ेगा के भींजपुर में लिया गया था। जिसे उसके रिश्तेदार और भूतपूर्व सरपंच सनत राम ठाकुर को जिम्मेदारी देकर पेड़ काटने को भेजा गया था। बताया जा रहा है कि विशाल आम के पेड़ को मशीन से बने आरा उपकरण लगाकर उसकी चारों ओर से कटाई कर दी गई थी। लेकिन पेड़ बड़ा होने के कारण पूरी तरह कटने के बाद भी गिरा नहीं। कटाई करने वाले अन्य ग्रामीणों के द्वारा मृतक सनत राम ठाकुर को उस पेड़ के देखरेख कर उनके द्वारा ट्रेक्टर लाकर पेड़ गिराने की बात कहकर वहां से निकल गये कि अचानक हवा चलने पर उस पेड़ के नीचे बैठे भूतपूर्व सरपंच सनत राम ठाकुर के ऊपर गिर गया बताया जा रहा है कि पेड़ गिरने से उसके माथे और पैर सहित अंग बुरी तरह चकनाचूर हो गए थे जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा तरह तरह की बातें कही जा रही है। कुछ लोगों के द्वारा यह प्रतिक्रिया दिया जा रहा है कि फल से लदे आम के पेड़ को नहीं काटा जाना चाहिये। तो कुछ लोग वन विभाग से अनुमति के बैगैर ही काटे जाने पर कानून का उलंघन बता रहें अब देखना यह है की कार्यवाही कहा तक होती है। इतने बड़े पेड़ को काटना पर्यावरण के लिए भी बहुत नुकसान दायक है। बताया जा रहा है की किसी की अधिकारी को पेड़ काटने की सुचना नहीं दी गयी थी जमीन मालिक का कहना है की मैंने पेड़ को सालिक ठाकुर को बेच दिया था वही पेड़ को कटवा रहा था। पेड़ को काटने के विषय मे मुझे कोई जानकारी नहीं थी। पर्यावरण और मानवता का भी उलंघन पूर्ण रूप से किया है।

## एक नजर

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शासकीय योजनाओं की मिल रही जानकारी

कला जत्था से किया जा रहा प्रचार-प्रसार

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर.चाम्पा।



छत्तीसगढ़ सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को मिल रही है। जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी कला जत्था के माध्यम से जिले में दिया जा रहा है। कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग के द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के चिन्हांकित किए गांवों और साप्ताहिक हाट.बाजार में कला जत्था की टीम शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुँच रहे हैं। कलाकारों द्वारा राज्यशासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही जनमन प्रचार सामाग्री का वितरण भी किया जा रहा है। कला जत्था द्वारा जैजैपुर ब्लॉक के जैजैपुर, हसौद, ठठारी, मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम छपोरा, आमनदुला, पिहरीद, डभरा ब्लॉक के कोटमी, सपोस और ठनगन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दी जा रही जानकारी।

## राशन वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर कोटा ब्लाक की 12 दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई

जोजर छत्तीसगढ़-रतनपुर।

खाद्य विभाग द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर 12 दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। मई महीने में सामान्य एवं अतिरिक्त चावल के साथ-साथ अप्रैल महीने का प्रति सदस्य 5 किलो के मान से अंत्योदय एवं प्राथमिकता कार्डधारियों को चावल वितरण करने के निर्देश राशन दुकानों को दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर अतिरिक्त आबंटित चावल वितरण की जांच खाद्य निरीक्षकों द्वारा की गई। जांच में राशन वितरण में गड़बड़ी पाए जाने पर 12 दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कोटा ब्लाक अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान में नियमित जांच नहीं होने से संचालक ग्रामीण क्षेत्र की राशन वितरण में जमकर बंदरबांट कर रहे थे। संचालक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत मिलने वाले अतिरिक्त 5 किलो चावल आबंटन का खुलेआम गबन कर रहे थे। मामले को प्रमुखता से उजागर करने के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी कोटा द्वारा जांच करने निर्देशित किया गया। जांच में गमन की पुष्टि होने के बाद कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नेवारीबहरा, ओम सांईनाथ महिला स्व सहायता समूह पोड़ी, जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह मोहदा, मां स्व सहायता समूह रानी बछाली, ग्राम पंचायत टाटीधार, नगर पंचायत रतनपुर के 6, मां पार्वती स्व सहायता समूह, विनायक महिला स्व सहायता समूह, आठबीसा महिला स्व सहायता समूह, मां सर्वेश्वरी महिला सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति और कस्तूरबा स्व सहायता समूह की दुकान पर कार्यवाही की गई है।




## अवैध वसूली कर रहे ठेकेदार का ठेका कलेक्टर ने किया निरस्त

**दन्तेवाड़ा** । फर्जी पर्ची और सील बनाकर नगर पालिका किरंदुल क्षेत्र में अवैध वसूली के संबंध में प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर दीपक सोनी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व अरूण कुमार सोम की अध्यक्षता में एसडीओ एवं सीएमओ किरंदुल की जांच समिति गठित की गयी थी। गठित समिति द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशित शिकायत बिंदुओं पर विस्तृत जांच की गयी।

## सांसद गोमती साय के पास संयुक्ता गुप्ता को लेकर मैं गई थी- पंकजलता यादव

सांसद ने अपने पीए को साथ भेज कर कलेक्टर से मिलवाया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



**अवसरवादियों के कृत्य से दुःखी हुई, जो न मदद करते हैं और न करने देते हैं**

रायगढ़ सांसद गोमती साय के लिए कुछ अवसरवादियों ने टिप्पणी की प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नाम करने की कितनी भूख है रायगढ़ सांसद को पता लग गया। जिसपर मैं पंकजलता यादव यह कहना चाहती हूं कि इस प्रकार के लोग न तो खुद किसी की मदद करते हैं और न ही किसी को मदद करने देते हैं। जो अगर किसी की मदद करता है उसे ही भला बुरा कहते है। हकीकत यह है कि संयुक्ता गुप्ता को सांसद गोमती साय के पास मैं लेकर गई थी। मुझे जानकारी मिली कि रायगढ़ सांसद गोमती साय सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेने रायगढ़ के कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाली है तो मैं ऑटो में संयुक्ता गुप्ता को सांसद से मिलवाने लेकर गई। बैठक खत्म होने के बाद जब मैंने संयुक्ता गुप्ता की स्थिति के विषय मे बताया तो वे खुद मिलने आई। सांसद साय ने अपने पीए को मेरे साथ कलेक्टर से मिलने को भेजा। एवं संयुक्ता गुप्ता की वस्तुस्थिति को सांसद के पीए ने कलेक्टर के समक्ष रख कर आर्थिक मदद दिलाई। साथ ही सांसद साय ने रायगढ़ सीएमओ डॉ. केसरी को बुलाकर संयुक्ता गुप्ता की मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

## नगर में सीसी टीवी लगवाने टीआई ने संभाला मोर्चा, व्यापारियों से कर रहे संपर्क

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी बहुत जरूरी है। बढ़ते अपराध को कम करने एवं अपराधियों की पहचान करने में सीसी टीवी कैमरा का बहुत बड़ा योगदान है। पिछले दिनों एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर सीसी टीवी लगवाने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिस पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी ने अमल करते हुए मोर्चा संभाल लिया है। टीआई विजय पैंकरा स्वयं दुकानदारों एवं व्यापारियों से संपर्क कर सीसी टीवी लगाने की अपील कर रहे हैं। टीआई ने बताया कि दस से अधिक दुकानदारों के दुकानों में जाकर देखा हूं जिन दुकानों में सीसी टीवी नहीं लगा है उन्हें तत्काल लगवाने एवं जिनके दुकानों में लगा है उसे मुख्य मार्गों को कवरेज कराने को कहा है। जिस पर सभी ने बहुत जल्द सीसी टीवी लगवाने की बात कही है। टीआई ने कहा कि सीसी टीवी से अपने दुकानों की सुरक्षा के साथ साथ अन्य घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलती है। विगत कुछ वर्षों से चौक चौराहों एवं सार्वजनिक जगहों में सीसी टीवी कैमरा लगाने की बात कही जा रही है। जिसे कुछ व्यापारियों द्वारा अमल में भी लाया गया, लेकिन ज्यादातर दुकानों में अभी भी सीसी टीवी नहीं लग पाया है। लेकिन इस बार एसपी के निर्देश के बाद थाना प्रभारी सीसी टीवी लगवाने स्वयं जिम्मेदारी संभाल रहे हैं ।

## आरईएस के सब इंजीनियर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी




**बालोद** । आरईएस विभाग के सब इंजीनियर लोकेश वर्मा ने मंगलवार को अपने डौंडी नगर से लगे सल्हाईटोला हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार शाम की है। घटना के सूचना मिलते ही डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया जाता है कि कुछ महीने पहले ही लोकेश को जनपद पंचायत डौंडी से बालोद जिला मुख्यालय स्थित आरईएस विभाग में अटैच किया गया था जिसके बाद से ही वे मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। फिलहाल आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## छ.ग. की दोनों राज्यसभा सीटों पर बाहरी प्रत्याशियों को थोपकर भूपेश व प्रदेश कांग्रेस ने किया छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान -विकास केडिया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की 2 सीटों पर चुनाव होना हैं। कांग्रेस ने इन दो सीटों पर यूपी कांग्रेस से वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला और बिहार की पूर्व सांसद रंजीत रंजन को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के इस फैसले का लगातार विरोध हो रहा है। अब प्रदेश कांग्रेस के इस निर्णय के खिलाफ भाजयुमो रायगढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास केडिया ने भी इस मुद्दे को लेकर सूबे के मुखिया भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। युवा भाजपा नेता विकास केडिया ने जारी प्रेस विज्ञप्तिमें कहा है कि छत्तीसगढ़ की दोनों राज्यसभा सीटों पर बाहरी प्रत्याशियों को थोपकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस के आलाकमान ने जय हो परदेशिया, भाड़ में जाएं छत्तीसगढ़िया का संदेश दिया है जो कि स्पष्ट रूप से हमारी छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ के सियासी प्रतिभाओं और योग्यता का अपमान है। आगे युवा भाजपा नेता ने यह भी कहा कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए भूपेश बघेल ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ के मान-सम्मान को दिल्ली दरबार में बेच दिया है राज्य की जनता ने कांग्रेस को 71 विधायक इसलिए नहीं दिए थे कि त्तरप्रदेश और बिहार के लोगों को लाकर छत्तीसगढ़ से सांसद बनाया जाए और तलवे चाटें सूबे के मुखिया भूपेश बघेल का यह निर्णय न सिर्फ उनको 2018 के विधानसभा चुनाव में मिले भारी जनादेश 90 में से 71 सीट का अपमान है, अब इसका जवाब प्रदेश की जनता 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान उन्हें सत्ता से बाहर करके देगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल

जोहर छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



शादी का झांसा देकर जान से मारने की धमकी देते हुये नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म करने के आरोपी को घेराबंदी कर नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया ए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पटेल ने अरविन्द तिवारी को बताया नाबालिक पीडिता ने नवागढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि शिव कुमार साहू निवासी ग्राम दहिदा ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर जान से मारने की धमकी देते हुये दुष्कर्म किया है। आरोपी शिव कुमार साहू पूर्व मे भी पीड़िता का स्कूल से पीछा कर शादी के लिये दबाव डालता था। पीड़िता गत 20 मई 2022 को बम्हनीडीह से वापस अपने घर लौट रही थी कि रास्ते मे दहिदा नदी के पास आरोपी शिव कुमार मिल गया जो पीड़िता को घर छोड़ दूँगा बोलके जबरदस्ती अपने मोटर सायकल में बिठाकर पीड़िता के घर लाकर दुष्कर्म किया।

पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में आरोपी शिव कुमार साहू के विरूद्ध अपराध क्रमांक 134/22 धारा 450/376 ;2,झ 294/ 506 ध् 323 भादवि 06 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को नवागढ़ पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उसके घर से गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में आरोपी द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर नवागढ़ पुलिस ने न्यायालय में पेश किया ए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में किया गया। जिसमें उनि व्यासनारायण बनाफ र, आरक्षक अर्जुन यादव,तेरस साहू एवं महिला आरक्षक नीलिमा सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## आखिर ऐसा क्या है घरघोड़ा तहसील विभाग में हर अधिकारी ट्रांसफर के ऊपर ले लेते हैं कोर्ट से स्टे

पिछले कई वर्षों से अंगद के पैर की तरह जमे बैठे कई अधिकारी-कर्मचारी

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।






**रिटायर्ड कर्मचारियों का तहसील से नहीं गया मोह**

**रिटायर कर्मचारी घरघोड़ा तहसील विभाग के सेंसिटिव सेक्शन देख रहें**

घरघोड़ा तहसील ऑफि स घरघोड़ा मे कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ट्रांसफर हो रखा है। लेकिन आखिर क्या बात है घरघोड़ा तहसील ऑफिस से ट्रांसफर होने के बावजूद जाने का नाम ही नहीं लेते हैं ट्रांसफ र के विरुद्ध कोर्ट से स्टे लेकर जमें बैठे हुए हैं घरघोड़ा अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम अशोक मार्बल तो पिछले लगभग 3 वर्षों से एक ही जगह तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे और अब लगभग 4 साल से ऊपर हो गए घरघोड़ा राजस्व विभाग में एसडीएम का कार्यभार संभाल रहे हैं जबकि इस बीच कई बार एसडीएम मार्बल का ट्रांसफ र हो चुका लेकिन कोर्ट से स्टे ले लेकर जमे हुए हैं एसडीएम अशोक मार्बल के कई कारनामे फाइलें दबी पड़ी है जो कि आने वाले समय में कारनामों का खुलासा होगा एसडीएम ऑफि स कभी नहीं खुलता एसडीएम अपने बंगले से ही संचालन करते हैं एसडीएम से मिलने के लिए जो लोग भी जनप्रतिनिधि हो या आम जनता कुछ समस्या लेकर जाते हैं तो एसडीएम ऑफि स बंद रहने के कारण मायूस होकर वापस चले जाते हैं जबकि एसडीएम मार्बल अपने बंगले से सिर्फ और सिर्फ मुआवजा से संबंधित किसानों को घर में बुलाकर बातचीत करते हैं जानकारी यह भी मिली है कि घरघोड़ा एसडीएम अशोक मार्बल से कोई जनप्रतिनिधि या राजनीतिक पार्टी या आम जनता मिल भी जाता है तो उसे अपने अधिकारी होने का रौब दिखाकर दुर्व्यवहार किया जाता है जबकि रायगढ़ कलेक्टर भीम सिंह जी के द्वारा सभी अधिकारियों को स्पष्ट चेताया गया था कि किसी भी जनप्रतिनिधि या आम जनता से व्यवहारिक पूर्ण संबंध रखें किसी से दूर व्यवहार न करें लेकिन घरघोड़ा एसडीएम को कलेक्टर भीम सिंह जी के आदेश के पालन की परवाह नहीं है आखिर घरघोड़ा अनुविभाग राजस्व में ऐसी क्या बात है उसी का देखा सीखी हाल में घरघोड़ा और तमनार तहसीलदारों का ट्रांसफ र लिस्ट निकला जिसमें दोनों तहसीलदारों ने कोर्ट से स्टे ले लिया वहीं पुलिस विभाग में भी ट्रांसफर हुए लेकिन रिलीफ अभी तक नहीं हुए हैं वही जनपद कार्यालय में भी कुछ कर्मचारी 25 साल से एक ही पोस्ट में पदस्थ हैं ऐसे में जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि वर्षों से जमे अधिकारी और कर्मचारी अपने फायदे के लिए स्थानी लोगों के व्यक्तिगत कार्यों में भी हस्तक्षेप करते हैं जिसके वजह से सरकार की मूलभूत योजनाएं तथा जनता के हित में होने वाले कार्य प्रभावित हो रहे हैं जबकि शासन का नियम है कि अधिकारी 2 वर्ष से ज्यादा एक ही स्थान पर पद पर नहीं रह सकता लेकिन यहां तो उच्चाधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक कई वर्षों हो गए एक ही कुर्सी में बैठकर हिटलर तानाशाही प्रशासन का संचालन कर रहे हैं जिससे कि जनता भयभीत तथा त्रस्त है ऐसे में उच्च प्रशासन को ध्यानाकर्षण करते हुए ट्रांसफर आर्डर को फॉलो करवाना होगा तब जाकर सभी विभागों में संतुलन बना रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in